इंदौर, भोपाल से एक साथ प्रकाशित

मृदुभाषी

सच्ची ख़बरें, सलीके के साथ



04
वित्त मंत्री ने बताया गरीबी का मतलब

04
सेंसेक्स 1,483 अंक लुढ़का, निफ्टी भी बेहाल



youtube.com/mradubhashi x.com/mradubhashi1 facebook.com/mradubhashi

इंदौर, मंगलवार, 24 नवम्बर 2026 नगर संस्करण, वर्ष: 07, अंक: 66, पृष्ठ: 08, मूल्य: 5:00 रूपए

अनूपपुर में बड़ा हादसा: बड़े भाई समेत तीन ने गंवाई जान

शादी में शामिल होने छुट्टी पर घर लौट रहे सेना के जवान की मौत

मृदुभाषी। अनूपपुर

जिले में सोमवार तड़के हुए एक भीषण सड़क हादसे ने तीन परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत छूलहा गांव के पास तेज रफ्तार बोलेरो सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। इस हृदयविदारक हादसे में भारतीय सेना के जवान समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किया गया है।

मृतकों की पहचान दो सगे भाइयों दीनबंधु विश्वकर्मा (36) और विनीत विश्वकर्मा (26) तथा बोलेरो मालिक मोहम्मद करीम (32), निवासी धनगवां के रूप में हुई है। वहीं गंभीर रूप से घायल राजू तिवारी (30), पिता सुरेश तिवारी, निवासी धनगवां का उपचार जारी है। इस हादसे की सबसे मार्मिक बात यह है कि मृतक विनीत विश्वकर्मा भारतीय सेना में सेवारत जवान थे और अपने दोस्त की शादी में शामिल होने के लिए छुट्टी लेकर घर लौट रहे थे। परिजनों के अनुसार, विनीत रात करीब 3 बजे ट्रेन से पहुंचे थे। वहां से वे बोलेरो में सवार होकर घर के लिए निकले थे, जिनके साथ उनके बड़े भाई दीनबंधु विश्वकर्मा और दोस्त राजू तिवारी भी थे। लेकिन घर पहुंचने से पहले ही छूलहा के पास हुए हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया। पुलिस के मुताबिक यह दुर्घटना सोमवार सुबह करीब 4 बजे हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों व घायल को जिला अस्पताल भिजवाया। सुबह करीब 5:30 बजे परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया गया है।



दो बेटों को खोने से टूटा दुखों का पहाड़

दीनबंधु विश्वकर्मा पंचायत में सेल्समैन का काम करते थे, जबकि उनके छोटे भाई विनीत देश की सेवा में जुटे थे। परिवार के मुखिया जयकरण विश्वकर्मा लोहारी का कार्य करते हैं। एक साथ परिवार के दो बेटों की मौत की खबर मिलते ही घर-परिवार में कोहराम मच गया और जिला अस्पताल में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

मोदी और नेपाल के PM बालेन शाह ने दिखाई हरी झंडी: 19 घंटे में पूरा होगा अयोध्या से जनकपुर का सफर; पहले दिन 1,158 यात्रियों ने किया सफर, जय श्रीराम के नारों से गूंजा स्टेशन

रेल से जुड़ीं राम-जानकी नगरी

मृदुभाषी। अयोध्या/जनकपुर

भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या और माता सीता की जन्मस्थली जनकपुर धाम के बीच अब आस्था का सफर रेल से भी आसान हो गया है। भारत और नेपाल के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक रिश्तों को नई मजबूती देते हुए सोमवार को पहली बार अयोध्या से जनकपुर के लिए सरयू-कमला एक्सप्रेस रवाना हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने हरी झंडी दिखाकर इस विशेष ट्रेन सेवा की शुरुआत की। ट्रेन के रवाना होते ही स्टेशन पर जय श्रीराम और जय जनकपुर धाम के जयकारे गूंज उठे।

मोदी बोले- नेपाल के बिना हमारे राम अधूरे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और नेपाल के रिश्ते साझा इतिहास, आस्था, संस्कृति और दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे संबंधों से जुड़े हैं। भगवान राम और माता सीता दोनों देशों की साझा सभ्यता और आस्था के प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री ने जनकपुर की अपनी 2018 की यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने तब भी कहा था कि नेपाल के बिना हमारे तीर्थ अधूरे हैं और नेपाल के बिना हमारे राम भी अधूरे हैं। आज सरयू-कमला एक्सप्रेस की शुरुआत के साथ इस पवित्र रिश्ते को नया आयाम मिल रहा है।

जय श्रीराम के जयकारे: श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम और जय जनकपुर धाम के नारे लगाए। अयोध्या स्टेशन पर ट्रेन की रवानगी के दौरान महिलाओं ने नृत्य कर खुशियां मनाईं और श्रीराम जय राम जय जय राम का भजन गाया। पूरे स्टेशन परिसर में उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया। नेपाल की रहने वाली सविता थापा ने बताया कि वे दर्शन के लिए मथुरा-वृंदावन गई थीं। इसी दौरान उन्हें सरयू-कमला एक्सप्रेस के बारे में जानकारी मिली। वे गोरखपुर से ट्रेन में सवार हुईं। उन्होंने बताया कि ट्रेन में चढ़ने में भी आसानी रही और अब सीधे जनकपुर पहुंचने की सुविधा मिलेगी। इससे भारत और नेपाल दोनों देशों के लोगों को लाभ होगा।



योगी बोले- सदियों पुराने रिश्ते होंगे मजबूत

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के 500 साल लंबे संघर्ष में नेपाल के संतों, युवाओं, माताओं, बहनों और आम श्रद्धालुओं के योगदान तथा बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का उल्लेख करते हुए कहा कि माता जानकी के मायके जनकपुर धाम से सैकड़ों श्रद्धालु प्रेम और श्रद्धा के साथ अयोध्या में उपहार लेकर पहुंचे थे। यह दोनों देशों के बीच गहरे धार्मिक और भावनात्मक संबंधों का प्रतीक है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच सदियों पुराने रोटी-बेटी के रिश्ते हैं। सरयू-कमला एक्सप्रेस शुरू होने से अवध और मिथिला के बीच आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक संबंधों को नया अध्याय मिलेगा।



19 घंटे का सफर: सरयू-कमला एक्सप्रेस अयोध्या से करीब 19 घंटे का सफर तय कर जनकपुर धाम पहुंचेगी। ट्रेन मंगलवार सुबह करीब 8:30 बजे जनकपुर पहुंचने वाली है। इस रेल सेवा से भारत और नेपाल के श्रद्धालुओं को दोनों धार्मिक स्थलों के बीच यात्रा करने में बड़ी सुविधा मिलेगी। पहले दिन ट्रेन में कुल 1,158 यात्री सवार हुए। आम यात्रियों के लिए इस ट्रेन सेवा की शुरुआत 28 नवंबर से होने की उम्मीद है। ट्रेन उत्तर प्रदेश और बिहार के 10 स्टेशनों पर ठहराव करेगी। ट्रेन ने करीब साढ़े तीन घंटे का सफर तय कर शाम लगभग 4:50 बजे गोरखपुर पहुंचकर यात्रियों को चौंका दिया।

मृदुभाषी एक्सप्लेनर

पुराणों के झरोखे से...राम बारात को लगे थे चार दिन

अयोध्या से जनकपुर की यह रेल यात्रा धार्मिक मान्यताओं और रामायण काल की स्मृतियों को भी ताजा कर रही है। वाल्मीकि रामायण के अनुसार, राजा दशरथ जब भगवान राम की बारात लेकर मिथिला पहुंचे थे, तब इस यात्रा में चार दिन लगे थे। अब आधुनिक रेल सुविधा के जरिए यही दूरी करीब 19 घंटे में तय की जा सकेगी। अयोध्या और जनकपुर का संबंध केवल दो धार्मिक नगरों का संबंध नहीं है, बल्कि यह भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह से जुड़ी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। सरयू-कमला एक्सप्रेस इस ऐतिहासिक रिश्ते को अब रेल मार्ग से जोड़ने जा रही है। सरयू-कमला एक्सप्रेस की शुरुआत से अयोध्या और जनकपुर के बीच धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। दोनों देशों के श्रद्धालुओं को यात्रा के लिए एक नया और सुविधाजनक विकल्प मिलेगा।

16वें दिन गिरावट थमी

1,052 चढ़ा 24 कैरेट सोना



एजेंसी। नई दिल्ली

लगातार 16 दिनों तक जारी गिरावट के बाद 23 नवंबर को सोने के दामों में उछाल देखने को मिला और 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,052 रुपए महंगा होकर 1.25 लाख रुपए के स्तर पर पहुंच गया।

गौरतलब है कि 5 नवंबर को सोने की कीमत 1.44 लाख रुपए पर थीं, जो लगातार फिसलते-फिसलते 1.24 लाख रुपए तक आ गई थीं। दूसरी ओर, एक किलो चांदी की कीमत भी 97 रुपए बढ़कर 1.53 लाख रुपए हो गई है। बाजार के जानकारों का कहना है कि बीते दिनों की लगातार गिरावट के चलते अब सोने और चांदी में खरीदारी में तेजी आने लगी है, हालांकि मौजूदा हालात में निवेशकों को एकमुश्त खरीदारी करने से बचना चाहिए।

ओटावा के 'रोस्ट डिनर' में लगे ठहाके

कनाडाई पीएम के सामने उड़ा ट्रम्प का मजाक



नई दिल्ली। कनाडा की राजधानी ओटावा में पत्रकारों के साथ आयोजित सालाना 'रोस्ट डिनर' के दौरान कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के सामने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की जमकर खिल्ली उड़ाई गई। इस खास कार्यक्रम में एक कॉमेडियन ट्रम्प के गेटअप में पहुंचा और उसने न सिर्फ ट्रम्प को 'सनकी' करार दिया, बल्कि उनके खास अंदाज में डांस करते हुए मंच पर प्रधानमंत्री कार्नी के साथ देर तक हैंडशेक भी किया। समारोह में एक अन्य कॉमेडियन प्रधानमंत्री मार्क कार्नी का रूप धरकर आया था और दोनों कलाकारों की जुगलबंदी ने कार्नी व ट्रम्प पर ऐसे तीखे तंज कसे कि वहां मौजूद मेहमान ठहाके लगाने पर मजबूर हो गए। ट्रम्प बने कॉमेडियन ने कार्नी की लोकप्रियता पर चुटकी लेते हुए कहा, 'फेक न्यूज! यहां दो कार्नी हैं, यह तो गड़बड़ है, वह लगभग उतने ही लोकप्रिय हैं जितना मैं हूं।' इसके अलावा, कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की ट्रम्प की मांग और कार्नी को 'गवर्नर' कहने के बयान का जिक्र करते हुए कॉमेडियन ने तंज कसा कि ट्रम्प के पास सामने ऐसा कहने की हिम्मत नहीं है।

पिकअप की भीषण टक्कर से बाइक पर सवार युवक और तीन मासूम बेटियों की दर्दनाक मौत

मृदुभाषी। बदनावर

सोमवार की देर शाम ग्राम पांदा के चार परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। कानवन थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिडवाल के पास बिलेश्वर महादेव मंदिर के सामने एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन और बाइक के बीच आमने-सामने की भीषण भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि बाइक सवार एक युवक और तीन किशोरियों की मौके पर ही सांसें थम गईं।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर की आवाज दूर तक सुनाई दी और भिड़ंत के बाद पिकअप वाहन भी अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरकर पलट गया। राहगीरों की सूचना पर कानवन की 108 एंबुलेंस तत्काल मौके पर पहुंची और लहूलुहान हालत में चारों को बदनावर के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि, अस्पताल में डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद चारों को मृत घोषित कर दिया। हादसे में जान गंवाने वाले सभी मृतक ग्राम पांदा के निवासी हैं, जिनमें दो सगी बहनें भी शामिल हैं। मृतकों की पहचान शुभम पिता भारत मेड़ा (30 वर्ष), आनंदी पिता उदय सिंह (15 वर्ष), भूरी पिता उदय सिंह (13 वर्ष), सुहानी पिता बबलू (8 वर्ष) के रूप में हुई। एक ही गांव के चार लोगों जिनमें तीन मासूम बच्चियां शामिल हैं, की अकाल मौत की खबर जैसे ही ग्राम पांदा पहुंची, पूरे गांव में सन्नाटा और मातम पसर गया। सिविल अस्पताल में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।



बंगाल BJP विधायक रेखा ने जहर खाया

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की BJP विधायक रेखा पात्रा ने जहर खा लिया है। दो दिनों से कोलकाता के निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। PTI के मुताबिक, रेखा पहले वेंटिलेटर पर थीं। सोमवार सुबह उन्हें वेंटिलेटर से हटाया गया है। हालांकि, उनके शरीर में जहर का असर बना हुआ है, जिसके कारण हार्ट रेट सामान्य से ज्यादा है। परिवार के मुताबिक, रेखा ने शनिवार रात हर्बल कीटनाशक खाया था। उनके पति संदीप पात्रा ने दैनिक भास्कर को बताया कि रेखा की स्थिति ठीक नहीं है।

भारी विरोध के बीच थमा अतिक्रमण विरोधी अभियान

कोर्ट के आदेश पर शुरु हुई तोड़फोड़

इंदौर: कृष्णबाग कॉलोनी में चला बुलडोजर: 30 मकान ध्वस्त, मंदिर हटाने की बारी आई तो भड़का जनआक्रोश

मृदुभाषी। इंदौर

इंदौर के एमआर-10 स्थित कृष्णबाग कॉलोनी में सोमवार सुबह से अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई शुरू हुई, जिसने दोपहर होते-होते विरोध का रूप ले लिया।

न्यायालय के आदेश पर कॉलोनी के 62 मकानों को हटाया जा रहा है, जिनमें से अधिकांश मकानों की बाकायदा रजिस्ट्री है और लोगों ने इन पर बैंक लोन भी ले रखा है। प्रशासन की टीम ने 30 मकानों को जमींदोज कर दिया, लेकिन जैसे ही बुलडोजर कॉलोनी में स्थित मंदिर को हटाने के लिए आगे बढ़ा, स्थानीय रहवासी एकजुट हो गए और जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। इस बीच लोगों ने यह भी बताया कि मंदिर के आसपास के घरों को तोड़ रही दो जेसीबी मशीनें अचानक खराब हो गईं, जिसके बाद कार्रवाई रुक गई। बढ़ते विरोध को देखते हुए एसडीएम घनश्याम धनगर ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोश बढ़ता देख उन्हें वापस लौटना पड़ा।

कृष्णबाग कॉलोनी स्थित मां कालका माता मंदिर क्षेत्रवासियों की गहरी आस्था का केंद्र है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, यहां न केवल कॉलोनी के लोग बल्कि दूर-दराज के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु अपनी मन्नतें लेकर पहुंचते हैं। मंदिर परिसर में वर्ष भर भागवत कथा, नवरात्रि महोत्सव और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का भव्य आयोजन होता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। यही वजह है कि मंदिर पर कार्रवाई की आहट मिलते ही रहवासियों का सब्र टूट गया। मंदिर के पुजारी पंडित धीरज त्रिपाठी ने बताया कि इस मंदिर का निर्माण लगभग 25 वर्ष पूर्व आम जनता के आपसी सहयोग से किया गया था। जैसे-जैसे लोगों ने आर्थिक और श्रम सहयोग दिया, वैसे-वैसे मंदिर का स्वरूप निखरता गया। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि बीते ढाई दशक में कभी किसी ने इस जमीन पर अपना दावा नहीं जताया और न ही निर्माण के समय किसी ने जमीन से जुड़े किसी विवाद की जानकारी दी। यदि उस समय यह बात सामने लाई जाती, तो आज ऐसी स्थिति निर्मित नहीं होती।



उग्र भीड़ देख लौटे एसडीएम

एसडीएम घनश्याम धनगर ने स्पष्ट किया कि यह पूरी मुहिम न्यायालय के आदेश के पालन में चलाई जा रही है। जब रहवासियों ने घरों और मंदिर को हटाने का विरोध किया, तो एसडीएम ने संवाद कर स्थिति संभालने की कोशिश की, लेकिन दोपहर बाद भीड़ के उग्र होने पर वे मौके से चले गए और बाद में उन्होंने फोन उठाना भी बंद कर दिया। फिलहाल मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है, हालांकि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्टि की है कि मंदिर को हटाने की कार्रवाई को अभी रोक दिया गया है।

वर्ष 2003 से चल रहा जमीन विवाद, सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची कानूनी लड़ाई

प्रशासन की यह पूरी कार्रवाई ग्राम खजराना स्थित सर्वे नंबर 66/2(क) की 0.720 हेक्टेयर भूमि पर बने निर्माणों को हटाने के लिए की जा रही है। इस भूमि पर बड़ी संख्या में रहवासियों के मकान, दुकानें और मंदिर बने हुए हैं। जमीन के स्वामित्व और कब्जे को लेकर श्रीराम बिल्डर्स तथा स्थानीय रहवासियों के बीच वर्ष 2003 से कानूनी विवाद चल रहा है। तहसीलदार न्यायालय से शुरू हुई यह लड़ाई हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची, जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर 62 मकानों सहित इसी भूमि पर स्थित मंदिर को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। हालांकि कार्रवाई के दौरान भारी विरोध देखने को मिल रहा है। शाम होते-होते मामले की चर्चा पूरे देश में होने लगी है।

एनवीडियो में फिर फेरबदल

हुआंग की वापसी, शेयर 31% उछले

एजेंसी। नई दिल्ली

एक चीनी महिला से कथित रिश्तों और चीन को एडवांस चिप सप्लाई करने के आरोपों के बीच 12 नवंबर को इस्तीफा देने वाले जेन्सन हुआंग एक बार फिर एनवीडिया के CEO बन गए हैं। कंपनी के बोर्ड ने अमेरिकी सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा के बाद यह फैसला लिया, जिसके बाद एनवीडिया के शेयर 31 प्रतिशत से ज्यादा उछल गए।

बोर्ड के मुताबिक, वरिष्ठ अधिकारियों से मिले इनपुट के आधार पर यह माना गया कि हुआंग की वापसी से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है, हालांकि विदेशी खुफिया एजेंसी से जुड़े मामले में उनके खिलाफ जांच जारी रहेगी। कई दौर की बैठकों और उनके जवाबों से संतुष्ट होने के बाद बोर्ड ने उन पर फिर भरोसा जताया। बोर्ड चेयरमैन हार्वे सी. जोन्स ने कहा कि हुआंग कंपनी की कमान संभालने के लिए सही व्यक्ति हैं और उनकी वापसी शेयरधारकों, कर्मचारियों, साझेदारों और ग्राहकों के हित में है। वहीं, जेन्सन हुआंग ने इसे सम्मान की बात बताते हुए बोर्ड, हार्वे जोन्स, कोलेट क्रेस, वरिष्ठ टीम, कर्मचारियों, शेयरधारकों, वैश्विक साझेदारों और परिवार का आभार जताया तथा जल्द काम पर लौटने का उत्साह व्यक्त किया।



गांधीनगर में नर्मदा पाइपलाइन फूटने से हजारों लीटर पानी बहा

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। शहर में संभावित जलसंकट की आशंका के बीच नगर निगम जहां एक ओर नागरिकों से पानी बचाने की अपील कर रहा है और बबार्दी पर चालानी कार्रवाई कर रहा है, वहीं दूसरी ओर सोमवार सुबह गांधीनगर क्षेत्र में नर्मदा की पाइपलाइन फूटने से हजारों लीटर पानी सड़क पर बह गया।

वार्ड क्रमांक 15 में लाइन से तेज प्रेशर के साथ पानी निकलने के कारण मार्ग पर जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।



एक वर्ष पहले ही बिछाई गई थी लाइन

जानकारी के अनुसार, गांधीनगर में करीब एक वर्ष पहले ही नर्मदा की नई पाइपलाइन बिछाई गई थी। सोमवार सुबह अचानक तेज दबाव बनने से यह लाइन फूट गई और भारी मात्रा में पानी बहने लगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस पाइपलाइन में पहले भी लीकेज की समस्या सामने आई थी, जिसके बाद इसकी मरम्मत की गई थी। अब कम समय में ही दोबारा पाइपलाइन फूटने से निर्माण की गुणवत्ता और रखरखाव व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही नगर निगम के अधिकारी और तकनीकी टीम मौके पर पहुंची तथा पानी की बबार्दी रोकने के लिए मरम्मत कार्य शुरू कराया। अधिकारियों की देखरेख में लीकेज दुरुस्त करने की प्रक्रिया चलाई गई। गौरतलब है कि कम बारिश और जलस्रोतों की स्थिति को देखते हुए निगम द्वारा घरों व प्रतिष्ठानों में पानी की बबार्दी पाए जाने पर चालान बनाए जा रहे हैं। ऐसे में नई पाइपलाइन फूटने से बड़ी मात्रा में पानी व्यर्थ बहना निगम की निगरानी प्रणाली पर सवाल उठाता है। नागरिकों से मितव्ययता की अपेक्षा के साथ ही नगर निगम को अपनी जल वितरण लाइनों की नियमित जांच और मजबूत रखरखाव सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

कार भिड़ीं, युवक की मौत, 4 घायल

इंदौर। सिमरोल क्षेत्र में रविवार देर रात नए बायपास पर दो कारों की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में कार चला रहे एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। सभी युवक नेपानगर से इंदौर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि एक वाहन को ओवरटेक करने के दौरान उनकी कार सामने से आ रही एसयूवी से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक अमित (28) को गंभीर चोटें आईं और अस्पताल ले जाते समय उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद एसयूवी में सवार लोग अपनी गाड़ी मौके पर छोड़कर भाग निकले। सिमरोल पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना रविवार रात करीब 3 बजे नए बायपास स्थित कोल्ड स्टोरेज के सामने हुई। हादसे में खजराना के पुष्प नगर निवासी अमित पुत्र अगस्टेन फ्रांसिस की मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई रोहित (35) पुत्र सिल्वेस्टा फ्रांसिस, निलेश (38) पुत्र नाबर्ट फ्रांसिस और उनके दो दोस्त फैजान (21) पुत्र मंजूर व शादाब घायल हुए हैं। घायलों के सिर, हाथ और पैरों में चोटें आई हैं। परिजनों ने बताया कि एक दिन पहले ही रोहित ने सेकंड हैंड कार खरीदी थी, जिसके बाद सभी लोग चचेरी बहन से मिलने नेपानगर गए थे।

अवैध बाइक टैक्सी के विरोध में रीगल चौराहे पर प्रदर्शन

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। शहर में अवैध रूप से संचालित हो रही प्राइवेट बाइक टैक्सी के विरोध में सोमवार दोपहर ऑटो रिक्शा चालक महासंघ और कार-टैक्सी कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने रीगल चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बाइक टैक्सी के संचालन पर पूर्ण रोक लगाने और संबंधित कंपनियों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई जारी रखने की मांग को लेकर नारेबाजी की। हालांकि, इस दौरान उन्होंने पिछले दिनों 120 बाइक टैक्सी पर हुई एक दिवसीय कार्रवाई के लिए कलेक्टर का आभार भी जताया।



महासंघ के संस्थापक राजेश बिडकर ने आरोप लगाया कि इंदौर में करीब 15 हजार प्राइवेट बाइक टैक्सी कई वर्षों से बिना किसी वैध अनुमति के संचालित हो रही हैं। इनके पास न तो एग्रीगेटर लाइसेंस है और न ही आरटीओ से व्यावसायिक संचालन की स्वीकृति। बिडकर ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि इन राइडर्स का पुलिस वेरिफिकेशन नहीं होता है, जिससे किसी भी आपराधिक घटना की स्थिति में उनकी पहचान करना बेहद मुश्किल हो जाता है। इसके अतिरिक्त, दूसरे राज्यों और शहरों के पंजीकृत वाहन भी शहर में धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं।

महासंघ को हाईकोर्ट से भी मिल चुकी है जीत

बिडकर ने बताया कि महासंघ इस मुद्दे पर हाईकोर्ट से भी जीत हासिल कर चुका है, जिसकी आदेश प्रति कलेक्टर, आरटीओ और ट्रैफिक पुलिस को सौंपी गई थी। कलेक्टर के निर्देश पर 120 वाहनों पर कार्रवाई तो हुई, लेकिन वह महज एक दिन तक ही सीमित रही। इसी के विरोध में सोमवार को कई स्थानों पर कार-टैक्सी की हड़ताल भी रखी गई।प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के समक्ष चार प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें बिना लाइसेंस व्यवसाय कर रही संबंधित कंपनियों का संचालन बंद कर उनके दफ्तरों पर ताले लगाने, प्राइवेट बाइक टैक्सी पर तत्काल रोक लगाने, अवैध रूप से चल रही बाइक टैक्सियों को जब्त करने और नियमों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग शामिल है।

सरवटे से रेलवे स्टेशन तक जाम

सवारी बैठाने और अवैध पार्किंग से यातायात बदहाल

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। शहर में यातायात व्यवस्था लगातार चरमराती जा रही है और व्यस्त समय में जाम लगना आम बात हो गई है। खासकर सरवटे बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन क्षेत्र में ट्रैफिक जाम के हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं।



इसकी बड़ी वजह सरवटे से निकलने वाली यात्री बसों का रेलवे स्टेशन तक मुख्य मार्ग पर रुक-रुककर यात्रियों का इंतजार करना और उन्हें बैठाना है। हर पांच से दस मिनट में उज्जैन सहित अन्य शहरों के लिए बसें रवाना होती हैं, जिससे सुबह से रात तक जाम के हालात बनते हैं और वाहन चालकों को खासी परेशानी झेलनी पड़ती है।

अस्थायी दुकानें भी समस्या बढ़ा रही

सरवटे बस स्टैंड के बाहर प्रदेश की निजी बसों के साथ महाराष्ट्र, गुजरात व अन्य राज्यों की खाली सरकारी बसें भी खड़ी रहती हैं, जो आवाजाही में बाधा डालती हैं, वहीं, सरवटे से रेलवे स्टेशन मार्ग के दोनों ओर लगी अस्थायी दुकानें भी समस्या बढ़ा रही हैं, जिन पर नगर निगम की कथित मिलीभगत के कारण ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही है। बसों के कारण छोटी ग्वालटोली, मधुमिलन, पटेल ब्रिज के नीचे, रेलवे स्टेशन, आरक्षण कार्यालय, पटेल ब्रिज चौराहे और एमवायएच द्वार के सामने रोजाना जाम लगता है। महज 300 मीटर दूर रेलवे स्टेशन पहुंचने में बसें 10 से 15 मिनट लगा देती हैं और आगे मधुमिलन तक जाने में भी इतना ही समय लगता है। करीब एक किलोमीटर के दायरे में रोजाना सौ से अधिक बसों की आवाजाही होती है और देरी की भरपाई के लिए बाद में बसें तेज रफ्तार से दौड़ाई जाती हैं।

बस स्टैंड के बाहर 20 से 25 खाली बस

बस स्टैंड के बाहर 20 से 25 खाली बसें खड़ी रहती हैं और कंडक्टर सड़क पर ही उनकी साफ-सफाई करते दिखते हैं, जिससे तीनों ओर की सड़कें प्रभावित होती हैं। जूनी इंदौर रेलवे अंडरब्रिज के पास अवैध बस स्टैंड बन गया है, जबकि स्टैंड के बाहर और पटेल ब्रिज के तीनों बोगदों के नीचे बसों व चार पहिया वाहनों की अवैध पार्किंग हो रही है। इसके अलावा मधुमिलन से एमवायएच की ओर जाने वाले मोड़ और अस्पताल के गेट के सामने अघोषित स्टॉप पर खंडवा, खरगोन, महू व पीथमपुर की बसें बीच सड़क रुकती हैं। मामले में एडिशनल डीसीपी (ट्रैफिक) विक्रम रघुवंशी ने कहा कि सरवटे क्षेत्र में कार्रवाई जारी है, नगर निगम के साथ संयुक्त अभियान चलाया जाएगा और आईएसबीटी शुरू होने से करीब सौ बसों का संचालन वहां से शुरू हो चुका है।

कर्ज के तनाव में इंटीरियर डिजाइनर ने की आत्महत्या

इंदौर। तिलक नगर थाना क्षेत्र में कर्ज से परेशान एक 24 वर्षीय युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह परिजन उसे अचेत अवस्था में एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से पहले रविवार रात युवक ने अपने पिता को फोन कर शाजापुर से इंदौर बुलाया था और भाइयों से कहा था कि पिता के आने पर वह उन्हें कर्ज की पूरी बात बताएगा। तिलक नगर पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान मूल रूप से शाजापुर निवासी हर्ष (24) पुत्र संतोष चौधरी के रूप में हुई है। वह इंदौर के वंदना नगर स्थित किराए के मकान में अपने छोटे भाई और चचेरे भाई पार्थ के साथ रहता था।

हर्ष यहां इंटीरियर डिजाइनिंग का कोर्स करने के साथ इसी क्षेत्र में काम भी कर रहा था। चचेरे भाई पार्थ ने बताया कि हर्ष पर करीब 3 लाख रुपए का कर्ज हो गया था, जिससे वह मानसिक तनाव में था, हालांकि उसने यह कर्ज किससे लिया था, इसकी जानकारी किसी को नहीं दी थी। रविवार रात हर्ष ने पिता संतोष चौधरी को फोन कर जरूरी बात के लिए सोमवार सुबह इंदौर बुलाया। उसने भाइयों को भी कर्ज से परेशान होने की बात कही थी। रात में सभी सोने चले गए और सोमवार सुबह उठने पर हर्ष कमरे में बेसुध मिला। अस्पताल ले जाने पर उसकी मौत की पुष्टि हुई। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों के मुताबिक, पिता संतोष चौधरी शाजापुर में खेती करते हैं, छोटा भाई इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की कोचिंग कर रहा है और पार्थ पढ़ाई के साथ निजी कंपनी में कार्यरत है।

ऑनलाइन बिजली बिल भरने में तकनीकी अड़चन

ऊर्जा ऐप में सर्वर डाउन से उपभोक्ता परेशान

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। शहर में सरकारी विभागों द्वारा दी जा रही ऑनलाइन सेवाओं के बावजूद तकनीकी खामियां उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का सबब बन रही हैं। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने ग्राहकों की सुविधा के लिए ऊर्जा ऐप तैयार किया है और इसके रखरखाव पर सालाना लाखों रुपये खर्च भी किए जाते हैं। इसके बावजूद कई बार ऐप के जरिए बिजली बिल का भुगतान नहीं हो पाता और खोलते ही सर्वर डाउन होने का संदेश सामने आ जाता है। इस स्थिति से उन उपभोक्ताओं को सबसे अधिक दिक्कत होती है, जिनकी संपत्ति इंदौर में है लेकिन वे रोजगार या कारोबार के चलते बाहर रहते हैं और कैश काउंटर पर जाकर बिल जमा नहीं कर सकते।

आठ लाख से अधिक बिजली उपभोक्ता दर्ज

इंदौर में आठ लाख से अधिक बिजली उपभोक्ता दर्ज हैं, जिनमें लगभग साढ़े छह लाख घरेलू, सवा लाख व्यावसायिक और पांच हजार से ज्यादा औद्योगिक कनेक्शन शामिल हैं।

इनमें से पांच लाख से अधिक उपभोक्ता डिजिटल माध्यम से अपने बिलों का भुगतान करते हैं। कंपनी डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए ऑनलाइन बिल भेजने की व्यवस्था तो देती है, साथ ही ऑनलाइन बिल भरने वाले ग्राहकों को हर महीने 40 लाख रुपये की छूट भी प्रदान करती है, लेकिन तकनीकी अड़चनों के चलते उपभोक्ताओं को समय पर भुगतान करने में कठिनाई उठानी पड़ती है। शहर में प्रतिदिन एक करोड़ यूनिट से अधिक बिजली की खपत होती है, जिससे बड़ी संख्या में उपभोक्ता नियमित रूप से बिल जमा करते हैं।

ऐप की कार्यप्रणाली को लेकर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी खामियों को तुरंत दुरुस्त किया जाता है। उनका यह भी मानना है कि कई बार कमजोर इंटरनेट कनेक्टिविटी के कारण समस्या आती है, इसलिए भुगतान करते समय उपभोक्ताओं को अपने नेटवर्क की स्थिति का भी ध्यान रखना चाहिए।

पूर्व सांसद नारायण सिंह केसरी का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। पूर्व राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण सिंह केसरी का पार्थिव शरीर सोमवार को पंचतत्व में विलीन हो गया। उनके सुपुत्र भूपेंद्र सिंह केसरी ने पार्थिव देह को मुखाग्नि दी। उनके अंतिम संस्कार में परिजनों, भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। अंतिम संस्कार के अवसर पर उन्हें गॉड ऑफ ऑनर देकर सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी गई। अंतिम संस्कार के दौरान माहौल गमगीन रहा।



उपस्थित लोगों ने दिवंगत नारायण सिंह केसरी के व्यक्तित्व, उनके राजनीतिक जीवन, सामाजिक योगदान एवं जनसेवा के कार्यों को स्मरण किया।

पूर्व राज्यसभा सांसद नारायण सिंह केसरी की अंतिम यात्रा निज निवास पल्हर नगर से रामबाग मुक्तिधाम पहुंचीं। अंतिम यात्रा में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक महेंद्र हार्डिया, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, आकाश विजयवर्गीय, राष्ट्रीय कवि सत्यनारायण सत्तन, बाबुसिंह रघुवंशी, सुधीर कोल्हे, कैलाश पीपले, अश्विनी शुक्ल, कमल वाघेला, योगेश गेंदर। अशोक चौहान चांद, गोविंद पंवार, जयदीप जैन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। रामबाग मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। सुपुत्र भूपेंद्र सिंह केसरी ने उनके पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार से पूर्व उनके राजकीय सम्मान गॉड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी गयी।

अस्पतालों व हॉस्टलों में लागू होगा वाटर मैनेजमेंट सिस्टम

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। शहर में गहराते जल संकट और भविष्य में पानी की उपलब्धता को लेकर बढ़ती चुनौतियों के बीच एमजीएम मेडिकल कॉलेज अपने अधीन संचालित सभी अस्पतालों, हॉस्टलों और कॉलेजों में वाटर मैनेजमेंट सिस्टम योजना शुरू करने जा रहा है।

इस पहल के तहत पानी की खपत को नियंत्रित करने, अनावश्यक बबार्दी रोकने और उपलब्ध जल संसाधनों का अधिकतम व प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। योजना के अंतर्गत कॉलेज के अधीन आने वाले 8 अस्पतालों, 17 हॉस्टलों और 4 कॉलेजों में जल प्रबंधन व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया जाएगा, ताकि भविष्य में कम बारिश की स्थिति बनने पर भी जल संकट से बचा जा सके।

20 हजार लोगों को पानी की आपूर्ति

एमजीएम मेडिकल कॉलेज से जुड़े संस्थानों में प्रतिदिन लगभग 20 हजार लोगों को पेयजल व अन्य आवश्यकताओं के लिए पानी की आपूर्ति होती है। अस्पतालों में करीब 3000 बिस्तरों पर मरीजों के उपचार के अलावा डॉक्टरों, नर्सिंग अधिकारियों, कर्मचारियों, मेडिकल विद्यार्थियों, मरीजों और उनके परिजनों को भी रोजाना बड़ी मात्रा में पानी की जरूरत पड़ती है। एमजीएम के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने बताया कि संभावित जल संकट को देखते हुए अभी से पानी के बेहतर प्रबंधन और संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

कनाडा-अलास्का क्रूज यात्रा के नाम पर 14.38 लाख की ठगी

इंदौर। कनाडा और अलास्का क्रूज की विदेश यात्रा कराने का झांसा देकर एक परिवार से 14 लाख 38 हजार रुपए से अधिक की धोखाधड़ी करने वाली फर्जी ट्रैवल एजेंट को इंदौर क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। हरियाणा के फरीदाबाद के सेक्टर-29 निवासी 28 वर्षीय आरोपी महिला पूजा सिंह उर्फ तिवारी को पुलिस ने सोमवार को दबोचा।

।। नाम परिवर्तन सूचना ।।

मैं **अभिनय चौहान पिता चन्दर चौहान** निवासी 43, अभिलाषा नगर, इंदौर, यह की मैं आर्मी में नायक पद पर पदस्त हूँ मेरा आर्मी में **सेना क्रमांक 2715833ए, यूनिट 21 ग्रेनेडियर्स** मेरे आर्मी रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम त्रुटिवश **मुस्कान कछावा (Muskan Kachwa)** दर्ज हो गया है, जो की गलत है, मेरी पत्नी का वास्तविक नाम **मुस्कान चौहान (Muskan Chouhan)** है जो सही है। मेरी पत्नी के आधार कार्ड में पूर्ण एवं सही नाम **मुस्कान चौहान पति श्री अभिनय चौहान दर्ज है।** भविष्य में भी मेरी पत्नी को इसी नाम से मुस्कान चौहान पति श्री अभिनय चौहान के नाम से जाना व पहचाना जाये। शपथ पत्र सलग्न है।

मुस्कान चौहान पति अभिनय चौहान
43, अभिलाषा नगर, मुसाखेड़ी, इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक **शिवम पिता श्री विजय राठौर** , पता **358-जी, सिलीकॉन सिटी, सेक्टर-जी, इंदौर**, पिन **1004600650**, झोन क्र. 21 वार्ड 79 विक्रयपत्र अनुसार इस जाहिर सूचना प्रकाशन **24.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 21 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक **रानू पतिश्री चेतन कुशवाह** , पता **एस-292, सिलीकॉन सिटी, इंदौर,** पिन **9000217561**, झोन क्र. 21 वार्ड 79 विक्रयपत्र अनुसार इस जाहिर सूचना प्रकाशन **24.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 21 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक/विक्रेता **स्नेहा जैन पतिश्री सुधीर** पता **49 उदय नगर, इन्दौर** झोन क्र. 19 पिन. नं. **2000212009** क्रेता जिसके नाम नामांतरण चाहा गया है **श्री पवन कुमार झालवानी।** इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक **24.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 19 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है विक्रेता **दिशा फाउण्डेशन, शुभम फाउण्डेशन, आदिदेव फाउण्डेशन, वैदिक फाउण्डेशन** पता ए-2, **ऑस्कर फोर्ट, वार्ड नं. 76, मुंडाला नायता, भिचौली हप्सी, इन्दौर** झोन क्र. 19 पिन. नं. **1003995938** क्रेता जिसके नाम नामांतरण चाहा गया है **श्री रवीन्द्र मंगल, राजश्री मंगल।** इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक **24.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 19 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक/विक्रेता **श्री सुधीर कुमार झा** पता **ब्लॉक ब, 402, यूफोरिया कॉसमास सिटी, बिचौली मर्दाना, इन्दौर** झोन क्र. 19 पिन. नं. **1001344174** क्रेता जिसके नाम नामांतरण चाहा गया है **श्री आशीष कुमार मलगाँया।** इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक **24.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 19 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक **श्री जयचंद्र यादव पिताश्री जोखूराम यादव** पता **प्रकोष्ठ क्र. 304, आर्किड एनक्लेव, शिव वाटिका, इंदौर** पिन **1004685452**, झोन क्र. 22 वार्ड क्र. 35। विक्रयपत्र अनुसार इस जाहिर सूचना प्रकाशन **24.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 22 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 22 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक **श्रीमती दीपाली बोर्डिया पतिश्री हेमंत बोर्डिया** पता **प्रकोष्ठ क्र. 501, आर्किड एनक्लेव, शिव वाटिका, इंदौर** पिन **1004685452**, झोन क्र. 22 वार्ड क्र. 35। विक्रयपत्र अनुसार इस जाहिर सूचना प्रकाशन **24.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 22 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 22 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/क्रेता **श्री लव बंसल पिताश्री दिनेशचंद्र बंसल** द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र प्रस्तुत का सम्पत्ति का **खाता क्रमांक 1001274720** पता **भूखण्ड क्र. 82, गली नं. 4, बाबूलाल नगर, इन्दौर इंदौर** के नाम पर नामांतरण चाहा गया है। निगम रिकार्ड में दर्ज नाम **श्री संतोष पिताश्री बाबूलाल सेन**। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक **24.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्तीय संस्था, बैंक, निकाय, व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह झोन क्रमांक 18 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्षमय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी छत्रपति शिवाजी (कृषि विहार) झोन क्रमांक 18 नगर निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक **श्रीमती सुनीता राजपूत पतिश्री गुलाबसिंह राजपूत**, पता **26-सी, दुर्गानगर, इंदौर,** पिन **2000162357**, झोन क्र. 01। विक्रेता **श्री कमलेश पिताश्री नरेन्द्र जैन** विक्रय पत्र अनुसार इस जाहिर सूचना प्रकाशन **24.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 01 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 01 नगर पालिका निगम इंदौर

मध्यप्रदेश कैबिनेट के बड़े फैसले

7 हजार करोड़ से ज्यादा की सौगात 46 हजार घरों में पहुंचेगी बिजली



गोपाल-कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना को मंजूरी, 9 कमजोर जिला सहकारी बैंकों को मिलेंगे 325 करोड़ रुपये; मुख्यमंत्री विवेकाधीन अनुदान के लिए 1,165 करोड़ और 23 सरकारी योजनाओं के लिए 3,059 करोड़ स्वीकृत

मृदुभाषी। भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रालय में आयोजित मंत्रि-परिषद की बैठक में प्रदेश के विकास, बिजली व्यवस्था के विस्तार, सहकारिता, पशुपालन और धार्मिक-सांस्कृतिक पर्यटन से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए। मंत्रि-परिषद ने विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों के लिए 7 हजार करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की हैं। बैठक में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए नई गोपाल-कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना, कमजोर जिला सहकारी बैंकों को 325 करोड़ रुपये की अंशपूंजी सहायता और 46 हजार से अधिक घरों के विद्युतीकरण की कार्ययोजना को मंजूरी दी गई। इसके अलावा ओंकारेश्वर के एकात्म धाम में 'अद्वैत लोक' के निर्माण के लिए 2,278 करोड़ 99 लाख रुपये स्वीकृत किए गए। मंत्रि-परिषद के निर्णयों की जानकारी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने दी।

प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को दोगुना से अधिक करने और मध्यप्रदेश को देश की 'मिल्क कैपिटल' बनाने के उद्देश्य से गोपाल-कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना के क्रियान्वयन का अनुसमर्थन किया गया है। इस योजना के माध्यम से गिर, साहीवाल, थारपारकर और मालवी जैसी उन्नत देशी दुधारू नस्लों के संरक्षण एवं संवर्धन को प्रोत्साहित किया जाएगा। योजना का लक्ष्य गोपालकों की आय बढ़ाने के साथ प्रदेश में दूध उत्पादन को नई ऊंचाई देना है। योजना के पहले वर्ष 2026-27 में प्रदेश की 208 ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक चिन्हित वृंदावन ग्राम में प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2027-28 से 2030-31 तक प्रदेश के सभी 313 विकासखंडों में विकासखंड स्तर पर प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। प्रतियोगिता में ऐसे गोपालक पात्र होंगे, जिनके पास भारतीय उन्नत देशी नस्ल की दुधारू गाय होगी और उसका प्रतिदिन का दुग्ध उत्पादन कम से कम 6 लीटर होगा। गाय के तीन समय के दुग्ध उत्पादन के औसत के आधार पर पारदर्शी प्रक्रिया से विजेताओं का चयन किया जाएगा। प्रत्येक वृंदावन ग्राम और विकासखंड में प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार के रूप में 25 हजार रुपये दिए जाएंगे। पुरस्कारों का वितरण प्रतिवर्ष गोवर्धन पूजा के अवसर पर होगा। खास बात यह है कि पुरस्कार राशि का उपयोग संबंधित गोपालक को देशी गौवंश की खरीद, संरक्षण और संवर्धन के लिए ही करना होगा। यह योजना मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना के एक पुराने घटक के स्थान पर लागू की गई है। मुख्यमंत्री की 3 अक्टूबर 2026 की घोषणा के बाद विभाग ने 26 अक्टूबर को आदेश जारी किया था, जिसका मंत्रि-परिषद ने अनुसमर्थन किया। प्रदेश के कमजोर जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए मंत्रि-परिषद ने 325 करोड़ रुपये की अंशपूंजी सहायता मंजूर की है। इसके तहत रीवा, सतना, दतिया, शिवपुरी और जबलपुर के पांच जिला सहकारी बैंकों को वित्तीय वर्ष 2026-27 में 25-25 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। वहीं रायसेन, मुरैना, सागर और सीधी के चार अन्य कमजोर जिला सहकारी बैंकों को 50-50 करोड़ रुपये की सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार का उद्देश्य इन बैंकों की वित्तीय स्थिति मजबूत कर सहकारी व्यवस्था को अधिक सक्षम बनाना है।

सहकारी समितियों के चुनाव एक साल आगे बढ़ेंगे

मंत्रि-परिषद ने बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के लंबित निर्वाचन की अवधि एक वर्ष बढ़ाने का निर्णय लिया है। प्रदेश की कई अनकवर्ड ग्राम पंचायतों में समितियों के पुनर्गठन की प्रक्रिया चल रही है और नवगठित समितियों में अभी पूरी तरह कामकाज शुरू नहीं हुआ है। ऐसी स्थिति में चुनाव कराने से वैधानिक और परिचालन संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती थीं। इसी को देखते हुए चुनाव की अवधि बढ़ाने का फैसला किया गया है। इसके साथ ही विपणन समितियों और जिला सहकारी बैंकों के चुनाव की अवधि भी आवश्यकतानुसार आगे बढ़ाई जाएगी, ताकि इन चुनावों में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के निर्वाचित प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। इस संबंध में आगे की कार्रवाई के लिए सहकारिता विभाग को अधिकृत किया गया है।

46 हजार से ज्यादा घरों में पहुंचेगी बिजली, 193.72 करोड़ की योजना

प्रदेश के हजारों परिवारों को बिजली सुविधा उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के पहले चरण में 193 करोड़ 72 लाख रुपये की कार्ययोजना को मंजूरी दी गई है। इसके तहत 20 या इससे अधिक घरों वाली प्रदेश की 1,834 बसाहटों के 46,574 अविद्युतीकृत घरों और 54 शासकीय सार्वजनिक संस्थानों का विद्युतीकरण किया जाएगा। इस परियोजना में केंद्र सरकार 60 प्रतिशत यानी 116 करोड़ 24 लाख रुपये का अनुदान देगी, जबकि राज्य सरकार की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत यानी 77 करोड़ 48 लाख रुपये होगी। वितरण कंपनियों के माध्यम से विद्युत अधोसंरचना तैयार कर ऐसे घरों तक बिजली पहुंचाई जाएगी, जहां प्रति घर अनुमानित लागत दो लाख रुपये तक है। 20 से कम घरों वाली बसाहटों के विद्युतीकरण के लिए भी राज्य सरकार ने सैद्धांतिक रूप से वित्तीय सहयोग देने पर सहमति जताई है। इसके लिए अलग से प्रस्ताव तैयार किया जाएगा।

ओंकारेश्वर में 2,278.99 करोड़ से बनेगा 'अद्वैत लोक'

धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को नई पहचान देने की दिशा में मंत्रि-परिषद ने ओंकारेश्वर के एकात्म धाम में 'अद्वैत लोक' के निर्माण के लिए 2,278 करोड़ 99 लाख रुपये की मंजूरी दी है। यह राशि 16वें वित्त आयोग की अवधि यानी वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक के लिए स्वीकृत की गई है। 'वेदान्त पीठ की स्थापना' परियोजना के अंतर्गत विकसित किए जा रहे अद्वैत लोक को शंकर संग्रहालय के रूप में तैयार किया जाएगा। इस परिसर में हाईस्क्रीन थिएटर, माया गैलरी, लेजर लाइट, वाटर एंड साउंड शो, अद्वैत नर्मदा विहार, निदिध्यासन केंद्र, कला वीथिका, शंकर स्तंभ, अन्नपूर्णा, कलाग्राम और पंचायतन मंदिर जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इनके माध्यम से आदि शंकराचार्य के जीवन, योगदान और अद्वैत वेदान्त दर्शन को आगंतुकों, श्रद्धालुओं और पर्यटकों के सामने प्रस्तुत किया जाएगा।

खनिज अन्वेषण की जिम्मेदारी राज्य खनिज निगम को

प्रदेश में खनिज संपदा की खोज और सर्वेक्षण को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाने के लिए मध्यप्रदेश राज्य खनिज निगम लिमिटेड को खनिज अन्वेषण नीति की क्रियान्वयन एजेंसी और नोडल एजेंसी नियुक्त करने की मंजूरी दी गई है। इन कार्यों के संचालन और निगरानी की जिम्मेदारी निगम के संचालक मंडल को सौंपी गई है। योजना के तहत उपलब्ध आंकड़ों का विश्लेषण, अधिक ऊंचाई पर एयरबोर्न सर्वे, संभावित क्षेत्रों में कम ऊंचाई पर हेलीबोर्न सर्वे, भू-भौतिकीय एवं भू-रासायनिक सर्वेक्षण और खनिज भंडारों की पुष्टि के लिए ड्रिलिंग कराई जाएगी। इन कार्यों के लिए पारदर्शी प्रक्रिया के जरिए बाहरी एजेंसियों की नियुक्ति राज्य खनिज निगम के माध्यम से होगी। प्रदेश के मध्य और पश्चिमी हिस्से के तृतीय वर्ग के क्षेत्रों में तीन आधारभूत सर्वेक्षणों के आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर सर्वेक्षण का काम वर्ष 2028 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। कुल मिलाकर, मंत्रि-परिषद के इन फैसलों में ग्रामीण अर्थव्यवस्था, सहकारिता, बिजली सुविधा, खनिज अन्वेषण और धार्मिक-सांस्कृतिक पर्यटन को प्राथमिकता दी गई है। सरकार की इन स्वीकृतियों से प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और विभिन्न विकास योजनाओं को गति मिलने की उम्मीद है।

मप्र राजस्व अधिकारी संघ की नई कार्यकारिणी घोषित

प्रदीप तिवारी की टीम में अनुभवः ऊर्जा और युवा नेतृत्व का संगम; संगठनात्मक मजबूती के साथ अनुशासन को मिलेगी प्राथमिकता

मृदुभाषी। भोपाल

मध्यप्रदेश राजस्व अधिकारी (क.प्र.से.) संघ के प्रांतीय अध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने अपनी नई प्रांतीय कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। प्रदेश के समस्त तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों का प्रतिनिधित्व करने वाले इस संगठन की नई टीम में अनुभव, सक्रियता, युवा ऊर्जा और संगठनात्मक कौशल का संतुलित समावेश दिखाई दे रहा है।

उल्लेखनीय है कि संघ के प्रांतीय अध्यक्ष पद के लिए गत 15 नवंबर को भोपाल स्थित मिंटो हॉल में बाकायदा मतदान कराया गया था। इस चुनाव में प्रदीप तिवारी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों को पराजित कर अध्यक्ष पद पर विजय हासिल की थी। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अर्पित मेहता निर्वाचित हुए थे। निर्वाचन के बाद अब अध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने 23 नवंबर को अपनी प्रांतीय कार्यकारिणी घोषित कर संगठन को नई दिशा देने की पहल की है। नई कार्यकारिणी में वरिष्ठ अपर कलेक्टर राम तिवारी एवं आकाश श्रीवास्तव को संरक्षक के रूप में शामिल किया गया है। वहीं वरिष्ठ मार्गदर्शक के रूप में गुलाब सिंह बघेल, अवनीश मिश्रा, अर्चना गुप्ता, संदीप जायसवाल और हर्ष विक्रम सिंह जैसे अधिकारियों को स्थान दिया गया है। इससे स्पष्ट है कि संगठन ने प्रशासनिक अनुभव और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन को अपनी प्राथमिकताओं में रखा है। इस कार्यकारिणी की एक उल्लेखनीय विशेषता यह भी है कि निर्वाचन के दौरान अध्यक्ष पद के लिए प्रतिस्पर्धा में रहे साथियों को भी संगठन में सम्मानजनक स्थान देकर साथ लेकर चलने की भावना प्रदर्शित की गई है। संगठनात्मक लोकतंत्र की यही खूबसूरती है कि चुनाव के बाद प्रतिस्पर्धा समाप्त होती है और सामूहिक नेतृत्व की भूमिका प्रारंभ होती है।

उपाध्यक्षों की टीम में सक्रिय और संघर्षशील चेहरेः उपाध्यक्ष पद पर चंद्रशेखर मिश्र, आदित्य जंघेला , शिवशंकर शुक्ला, रविंद्र पटेल, छविपंत और अजीत तिवारी को शामिल किया गया है। इनमें चंद्रशेखर मिश्र विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं, जिन्होंने 2012 बैच से जुड़े अपने साथियों के मुद्दों और मांगों को लेकर लंबा संघर्ष किया है। वहीं शिवशंकर शुक्ला और रविंद्र पटेल जैसे मुखर एवं सक्रिय अधिकारियों को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अर्पित मेहता के निर्वाचन के साथ उपाध्यक्षों की यह टीम प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में संगठन की गतिविधियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

मीडिया प्रबंधन में पत्रकारिता के अनुभव का उपयोगः मीडिया प्रभारी के पद पर आलोक श्रीवास्तव को शामिल करना भी कार्यकारिणी का एक महत्वपूर्ण पक्ष है। लगभग डेढ़ दशक तक विभिन्न प्रतिष्ठित समाचार पत्रों एवं मीडिया संस्थानों में पत्रकारिता से जुड़े रहे आलोक श्रीवास्तव का अनुभव संगठन के पक्ष को प्रभावी ढंग से सामने रखने में उपयोगी हो सकता है। उनके साथ डॉ. अमित सिंह, ओमप्रकाश चौरमा और अंकित मौर्य को भी मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त कार्यालय प्रभारी, प्रवक्ता, कार्यक्रम समन्वयक और संयुक्त सचिव जैसे पदों पर भी अलग-अलग कार्यक्षमता और अनुभव वाले अधिकारियों को जिम्मेदारी देकर टीम को व्यापक स्वरूप दिया गया है।

संगठन को प्रदेशव्यापी स्वरूप देने की कोशिश

कार्यकारिणी में वीर सिंह धुर्वे, सतेंद्र गुर्जर, गौरव पोरवाल, आकाश शर्मा, करुणा दंडोतिया सहित विभिन्न अधिकारियों को अलग-अलग दायित्व दिए गए हैं। इससे संगठन में क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व और कार्यों के विभाजन के माध्यम से अधिकाधिक अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास दिखाई देता है। कुल मिलाकर प्रदीप तिवारी की नई कार्यकारिणी केवल पदाधिकारियों की सूची नहीं, बल्कि संगठन को अधिक सक्रिय, व्यवस्थित और परिणामोन्मुख बनाने की एक कोशिश के रूप में देखी जा रही है। चुनावी प्रतिस्पर्धा के बाद सभी को साथ लेकर चलना, वरिष्ठों का मार्गदर्शन प्राप्त करना, युवाओं को अवसर देना और अनुशासन को संस्थागत स्वरूप प्रदान करना इस नई टीम की प्रमुख विशेषताएं हैं। अब इस कार्यकारिणी के सामने सबसे बड़ी चुनौती प्रदेश के राजस्व अधिकारियों की समस्याओं, सेवा संबंधी मुद्दों और सामूहिक हितों को प्रभावी ढंग से उठाते हुए संगठन को एक मजबूत एवं विश्वसनीय मंच के रूप में स्थापित करने की होगी।

नई पीढ़ी को भागीदारी

कार्यकारिणी में सचिव पद पर अपेक्षाकृत युवा साथी फिरोज अली को जिम्मेदारी सौंपना भी एक महत्वपूर्ण संकेत है। यह निर्णय बताता है कि अध्यक्ष प्रदीप तिवारी संगठन में केवल वरिष्ठता को ही नहीं, बल्कि नई पीढ़ी की ऊर्जा, कार्यक्षमता और नेतृत्व क्षमता को भी पर्याप्त महत्व देना चाहते हैं। संयुक्त सचिव, उपसचिव, प्रवक्ता और कार्यक्रम समन्वयक जैसे पदों पर भी विभिन्न क्षेत्रों के सक्रिय अधिकारियों को शामिल कर कार्यों का विकेंद्रीकरण करने की कोशिश की गई है।

पहली बार अनुशासन समिति को औपचारिक जिम्मेदारीः नई कार्यकारिणी का सबसे महत्वपूर्ण और दूरगामी कदम अनुशासन समिति का गठन माना जा सकता है। प्रांतीय अध्यक्ष प्रदीप तिवारी द्वारा संगठन में अनुशासन को संस्थागत स्वरूप देने के लिए इस समिति की व्यवस्था की गई है।

समिति में वरिष्ठ डिप्टी कलेक्टर बी.के. मिश्रा के साथ वी.के. पटेल, रूपेशवरी कुंजाम, ऋषि नारायण सिंह, मनीष पाण्डेय और कमल सिंह मंडेलिया को शामिल किया गया है। यह पहल इस बात का संकेत है कि संगठन अब अपनी गतिविधियों में मर्यादा, जिम्मेदारी और अनुशासन को विशेष महत्व देना चाहता है। संगठनात्मक एकजुटता के साथ-साथ अधिकारियों के आचरण और सामूहिक जिम्मेदारी को भी प्राथमिकता देने की मंशा इस गठन में दिखाई देती है।

प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर गुरुद्वारे पहुंचे सीएम



भोपाल। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को गुरु नानक जयंती (प्रकाश पर्व) की पूर्व संध्या पर अरेरा कॉलोनी स्थित गुरुद्वारे पहुंचकर मत्था टेका और गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष शीश नवाते हुए श्रद्धालुओं को पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने समाज में व्याप्त बुराइयों और कमजोरियों को दूर करने के साथ ही समानता व भाईचारे की भावना को सशक्त बनाया और भारतीय संस्कृति के संरक्षण में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव की यात्राएं भारत से लेकर अफगानिस्तान तक पहुंचीं, उन्होंने सिख पंथ की स्थापना की।

250 से अधिक प्रदर्शक लेंगे हिस्सा

दुनिया की चौथी सबसे बड़ी एलिवेटर प्रदर्शनी 3 दिसंबर से नई दिल्ली में

मृदुभाषी। भोपाल

वैश्विक वर्टिकल ट्रांसपोर्टेशन क्षेत्र में भारत की बढ़ती धमक को नई ऊंचाई देने के लिए 'इंटरनेशनल सोसिंग एक्सपोजिशन फॉर एलिवेटर्स एंड एस्केलेटर्स' (आईएसईई) के तीसरे संस्करण का आयोजन 3 से 5 दिसंबर 2026 तक नई दिल्ली स्थित यशोभूमि में किया जा रहा है। लगभग 40,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैली यह प्रदर्शनी भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की चौथी सबसे बड़ी एलिवेटर व एस्केलेटर उद्योग प्रदर्शनी होगी। इसमें भारत सहित विदेशों के 250 से अधिक प्रदर्शक अपनी तकनीक और उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे।

दिल्ली-एनसीआर में पहली बार आयोजित हो रहा यह एक्सपो पिछली दो प्रदर्शनियों की तुलना में कहीं अधिक भव्य होगा। वर्ष 2022 में मुंबई में हुए पहले संस्करण में 17,000 वर्ग मीटर में 150 से ज्यादा प्रदर्शक जुटे थे, जबकि 2024 के दूसरे संस्करण में यह दायरा बढ़कर 25,000 वर्ग मीटर और 200 से अधिक प्रदर्शकों तक पहुंचा। इस बार आयोजन में कोने, शिंडलर, ओटिस, फुजिटेक, टेक्ट्रोनिक्स, ऐपसन, ईएएसए, फर्माटोर, मास इंडस्ट्रीज, निडेक और सिकोर जैसी दिग्गज कंपनियां भाग ले रही हैं। इसके अलावा चीन, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, अमेरिका, इटली, जापान, कोरिया और तुर्की के अंतरराष्ट्रीय बाजारों से भी बड़ी भागीदारी होगी। प्रदर्शनी के दौरान इलेक्ट्रिक व हाइड्रोलिक एलिवेटर, एस्केलेटर, स्मार्ट पार्किंग सिस्टम, होम लिफ्ट, स्टेयरलिफ्ट, कंट्रोलर, इन्वर्टर, ड्राइव, सेंसर और आधुनिक सेफ्टी सिस्टम सहित पूरी वैल्यू चेन के समाधान पेश किए जाएंगे। यह मंच विशेष रूप से भारतीय लघु और मध्यम स्तर के पुर्जा निर्माताओं को वैश्विक खरीदारों, आर्किटेक्ट्स और डेवलपर्स से सीधे जुड़कर निर्यात बढ़ाने के अवसर प्रदान करेगा। आईएसईई के डायरेक्टर टी.ए.के. मैथ्यूज ने कहा कि देश में तेज शहरीकरण और बुनियादी ढांचे के विकास के साथ भारत वर्टिकल ट्रांसपोर्टेशन का बड़ा बाजार बन चुका है। हमारा लक्ष्य भारत को केवल एक उपभोक्ता बाजार के बजाय एक ऐसे वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग और सोर्सिंग हब के रूप में स्थापित करना है, जहां से दुनिया भर के लिए उत्पाद खरीदे जाएं। प्रदर्शनी के साथ-साथ एलिवेटर एंड एस्केलेटर सेफ्टी ट्रस्ट (ईईएसटी) के सहयोग से सुरक्षा मानकों और जागरूकता पर केंद्रित सिम्पोजियम व चर्चाएं भी आयोजित की जाएंगी।



सम्पादकीय

सफाई के दावों पर सुप्रीम सवाल



पिछले दिनों दिल्ली के यमुना तटों पर छठ पर्व के मौके पर रासायनिक झाग के बीच सूर्य को अर्घ्य देती महिला श्रद्धालुओं की तस्वीरों ने पूरे देश को विचलित किया। तंत्र की काहिली देखिए कि पर्व के दौरान भी श्रद्धालुओं को प्रदूषण मुक्त पानी वाले घाट नहीं मिल सके। लेकिन अब यमुना के पानी को जहरीले रसायनों वाले झाग से मुक्त करने के दावे किए जा रहे हैं। यह विडंबना ही है कि हजारों करोड़ रुपये खर्च करने के बाद यमुना और मैली हो गई है। मैली यमुना फैक्ट्री मालिकों और लोगों की आपराधिक लापरवाही तथा तंत्र की काहिली की दास्तां बयां करती है।

यही वजह है कि पिछले दिनों देश की शीर्ष अदालत ने यमुना नदी में गिरने वाले 520 नालों और सफाई के सरकारी प्रयासों पर सवाल उठाए हैं। विडंबना यही है कि जब तक कोई राजनीतिक दल विपक्ष में होता है, तब तक अपनी सुविधा के हिसाब से यमुना की सफाई पर सवाल उठाता है, लेकिन जब वही राजनीतिक दल सत्ता में आता है तो खामोशी ओढ़ लेता है। बहरहाल, पिछले कई दशकों से यमुना के प्रदूषित होने का प्रश्न पर्यावरण प्रदूषण से जुड़ी सार्वजनिक बहसों के केंद्र में रहा है। लेकिन राजनीतिक दलों के लिए यह चुनाव की दृष्टि से सुविधा का मुद्दा ही रहा है। विपक्ष में हैं तो यमुना की सफाई को मुद्दा बनाया जाता है। सत्ता में आते ही चुप्पी साध ली जाती है। जाहिर है, इसकी सफाई के लिए ईमानदार प्रयास होते ही नहीं। यदि होते तो यमुना की यह दुर्दशा ही न होती। मौलिक सवाल यही है कि यदि यमुना की सफाई में हजारों करोड़ रुपये खर्च हुए हैं तो यमुना मैली की मैली क्यों है? आज वह दुनिया की सबसे प्रदूषित नदियों में क्यों शामिल है? सवाल सरकारों की इच्छाशक्ति का भी है। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने यमुना की दुर्दशा पर लगातार सवाल उठाए हैं। शीर्ष अदालत ने सख्त नाराजगी जताते हुए कहा कि यमुना की सफाई पर हजारों करोड़ रुपये खर्च करने के बावजूद प्रदूषण पहले के मुकाबले और कैसे बढ़ गया है? वह भारी-भरकम राशि कहां गई, जो सफाई पर खर्च की गई थी? आखिर क्या वजह है कि नदी का पानी उपयोग लायक नहीं रह गया? सुप्रीम कोर्ट ने इस बात का भी उल्लेख किया कि गंदा पानी ले जाने वाले 520 नाले यमुना में क्यों गिराए जा रहे हैं? कोर्ट ने प्रश्न किया कि जिन विभागों की जिम्मेदारी यमुना में गंदे नालों को जाने से रोकने की थी, उन्होंने क्या किया? यही वजह है कि अदालत ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से कहा है कि राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और जनपदों में यमुना में गिरने वाले नालों की निगरानी की जाए। कोर्ट ने यमुना की सफाई के मुद्दे पर राजनीतिक दलों की सुविधा की राजनीति पर प्रश्न उठाए। अदालत ने इस मुद्दे पर सरकारों और राजनीतिक दलों को इच्छाशक्ति दर्शाने की नसीहत भी दी। बहरहाल, तंत्र की नाकामी के साथ-साथ नागरिक भी गैर-जिम्मेदार व्यवहार के लिए दोषी हैं। नागरिकों को आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के लिए यमुना को साफ करने का बीड़ा उठाना चाहिए।

शेन्झेन में दिग्गजों की त्रिपक्षीय वार्ता से संदेश

ज्योति मल्होत्रा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुछ दिन पहले ही मनीला में क्वाड और आसियान की बैठकों से लौटे हैं, दिल्ली पहुंचने पर ब्रिटिश राज सिंहासन के उत्तराधिकारी विलियम और उनकी पत्नी केट को उनका इंतज़ार करते पाया। कम से कम उनसे कोई नुकसान नहीं था यानी, उनके साथ तस्वीरें खिंचवाने से किसी का कोई नुकसान नहीं होने वाला था।

समस्या, जिसे प्रधानमंत्री से बेहतर कोई नहीं समझता, कहीं और है—देश के भीतर भी और बाहर भी। बाहरी मोर्चे पर भारत अपना प्रबंधन काफ़ी अच्छा कर रहा है, भले ही उसकी विदेश नीति के कुछ हिस्सों में एक तरह का मतिभ्रम झलकता हो- मसलन अमेरिका द्वारा प्रतिबंधित रूसी तेल की ख़रीद और बिक्री का मामला। भारत ने इस मामले में काफी बेहतर कर दिखाया है; रूसी तेल ख़रीदने के लिए 'रुपया-रूबल वोस्ट्रो खाते' का इस्तेमाल करते हुए, तेल को शोधित किया- ताकि अब इसे 'भारतीय निर्यात' बताया जा सके-और फिर इसे आगे बेच दिया, जिसमें यूरोपीय रिफ़ाइनरियां भी शामिल हैं। कभी-कभार लगने वाले 'घोस्ट फ्लीट' (गायब हो जाने वाले जहाज़ों के बेड़े) के आरोपों के बावजूद-जिसमें हज़ारों बैरल तेल ले जा रहे पूरे के पूरे जहाज़ अचानक गायब हो गए—सच तो यह है कि मोदी सरकार ने कुछ रूसी (और ईरानी भी) तेल का भुगतान चीनी युआन में भी किया है। इसके लिए शंघाई में विशेष तौर पर इसी काम के लिए खोले गए आईसीआईसीआई बैंक का इस्तेमाल किया गया। ज़रा सोचिए, भारत अपनी अर्थव्यवस्था को मज़बूत बनाए रखने के लिए रूसी तेल का भुगतान डॉलर के बजाय रुपये और युआन में कर रहा है। फिर भी, रूस और चीन के साथ भारत के संबंध रणनीतिक होने की बजाय केवल लेन-देन तक ही सीमित बने हुए हैं। ऐसा इसलिए कि भारत इन दोनों देशों के साथ बहुत नज़दीकी रिश्ते बनाने से हिचकिचा रहा है ख़ासकर चीन के साथ, जो 'वास्तविक नियंत्रण रेखा' (एलएसी) पर लगातार उकसावे वाली हरकतें करके भारत को परेशान करता रहता है। यह भी विचारणीय है कि भारत 'रियलपॉलिटिक' वाले दायरे में रहकर ही क्यों खेल रहा है। पिछले हफ़्ते शेन्झेन में आपने दुनिया के तीन बड़े नेताओं—व्लादिमीर पुतिन, शी जिनपिंग और डोनाल्ड ट्रम्प— को टीवी पर एक-दूसरे से हाथ मिलाते देखा होगा। दुनिया के इन सबसे शक्तिशाली नेताओं ने अपने लिए यह त्रिपक्षीय मंच तैयार किया है, क्योंकि उनके पास किसी और की तुलना में दुनिया को कहीं ज़्यादा बदलने की क्षमता है। इससे पिछले सप्ताह में,इनमें से हर नेता एक-दूसरे की कटु आलोचना कर रहा था। किंतु गत सप्ताह, वे कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे-एक समान भी और असमान भी। उनमें से किसी ने भी अपनी विचारधारा को अपने राष्ट्रीय हितों के अभियान के आड़े नहीं आने दिया। आप पूछ सकते हैं कि इसमें भारत कहां है? अगर भारतीय इतने ही होशियार हैं, तो आज़ादी के 79 साल के बाद भी भारत एक बड़ी ताकत बनने के करीब भी क्यों नहीं? इस सवाल के कई जवाब हो सकते हैं, लेकिन 'अहंकार' से बड़ी कोई अहम वजह नहीं। भारतीयों को बढ़ा-चढ़ाकर बताई गई अपनी श्रेष्ठता की कहानियों पर अब यकीन होने लगा है। मनीला से लौटने के बाद, प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत के सम्मेलन में दिग्गजों को आईना दिखाया। पूछा कि जब सरकार ने उन्हें हर तरह की कर-छूट दी,तो उन्होंने भारत को चमकाने के लिए कड़ी मेहनत क्यों नहीं की? यह कहते हुए '...लेकिन आपकी भूख इतनी है, कितना ही खिलाओ, पेट भरता नहीं...'। प्रधानमंत्री की यह तीखी टिप्पणी उनके 2014 के उस नारे की याद दिलाती है, जिसने उन्हें सत्ता में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी—'न खाऊंगा, न खाने दूंगा'। यानी, न तो मैं खुद रिश्वत लूंगा और न ही किसी और को रिश्वत लेने दूंगा। पिछले 12 सालों में बहुत कुछ बदल गया। बीजेपी अब कहीं ज्यादा मजबूत पार्टी बन चुकी है। लेकिन मोदी को यह भी अच्छी तरह पता है—खासकर जब कुछ ही महीनों में उत्तर प्रदेश, पंजाब, मणिपुर, उत्तराखंड और गोवा में चुनाव हैं कि आम जनता के बीच असंतोष का असल कारण है कि सरकारी नीतियों का फायदा कॉर्पोरेट घरानों से होते हुए आम आदमी तक नहीं पहुंचा (जिसका फायदा 'कॉकरोच जनता पार्टी' उठा रही है)। कॉर्पोरेट घरानों पर प्रधानमंत्री के इस हमले को इसी नजरिए से देखा जाना चाहिए। आपको क्या लगता है, शेन्झेन को देखकर प्रधानमंत्री ने और क्या सीख ली होगी? शायद इसी ने बीते शुक्रवार दिल्ली में एससीओ के 'सिविलाइजेशनल फोरम' के उद्घाटन के दौरान उन्हें अपना पसंदीदा उवाच 'वसुधैव कुटुंबकम' यानी 'पूरी दुनिया एक ही परिवार है' फिर से करने को उद्धृत किया।

धर्म-ज्योतिष

कार्तिक पूर्णिमा पर लखवरी दीप जलाने से मिलता है लाख दीपदान का पुण्य

हिंदू धर्म में कार्तिक पूर्णिमा का पर्व बेहद खास माना जाता है। इस दिन देशभर में भक्तजन दीपदान करते हैं। सबसे सुंदर नजारा काशी यानी वाराणसी में देव दीपावली का होता है। गंगा के घाटों पर लाखों दीपक जगमग करते हैं। चारों तरफ घाटों पर रोशनी होती है। इस खास अवसर पर 'लखवरी दीपक' जलाने की विशेष परंपरा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस दीपक के श्रद्धा और संकल्प के साथ जलाने से एक लाख दीपदान के समान पुण्य प्राप्त होता है। लखवरी दीपक को दीपदान की एक विशेष परंपरा मानी जाती है। असल में 'लखवरी' शब्द का संबंध लाख की संख्या या लाख दीपों के पुण्य से माना जाता है। धार्मिक और लोक मान्यताओं के अनुसार, इसका उद्देश्य एक दीपक के माध्यम से लाखों दीपदान का संकल्प लेना है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन लखवरी दीपक जलाने के लिए सुबह स्नान करके स्वच्छ वस्त्र पहनें। फिर घर के पूजा स्थल या किसी मंदिर में भगवान शिव, भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का ध्यान करें। अगर गंगा नदी के किनारे दीपदान कर रहे हैं, तो एक बार स्थानीय नियमों और सुरक्षा को जरुर ध्यान से पढ़ें।



समसामयिक

आज भी जीवन को दिशा देने वाले शाश्वत विचार



सिख धर्म के संस्थापक एवं प्रथम गुरु नानक देव जी का जन्म 15 अप्रैल, 1469 ई. को राय भोई की तलवंडी (वर्तमान में ननकाना साहिब) में हुआ था। माता तृप्ता तथा पिता मेहता कालू के घर जन्मा यह अलौकिक बालक बचपन से ही धीर-गंभीर स्वभाव का था। किसी शब्द या अक्षर का गहन विश्लेषण करना हो अथवा प्रचलित रस्मों को तार्किक आधार पर परखना, ये सभी गुण उनमें बाल्यकाल से ही विद्यमान थे। गुरु नानक जी युवावस्था की दहलीज़ पर पहुंचने से पूर्व ही तत्कालीन समाज की दुर्दशा भली-भांति भांप चुके थे। सर्वत्र अंधविश्वास, पाखंड तथा कट्टरता का बोलबाला था। जाति प्रथा, वर्ण व्यवस्था, छुआछूत जैसी कुप्रथाएं चरम पर थीं। निरंकुश शासक जनता का शोषण कर रहे थे।

अभिशप्त जीवन से उबारने का एकमात्र उपाय था ज्ञानदीप प्रज्वलित करके सुसुप्तप्रायः जनसामान्य को झकझोरना, दिशाज्ञान देने के साथ-साथ स्वयं उदाहरण बनकर उन्हें अन्याय के विरुद्ध आवाज़ उठाने का साहस प्रदान करना। यह महत्त्वपूर्ण कार्य करने का बीड़ा उठाया विचारशील, समाज-सुधारक एवं संत प्रकृति के स्वामी गुरु नानक जी ने। इस संदर्भ में उनके द्वारा की गई चार उदासियां (धर्म-यात्राएं) विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। भारत के अलावा मक्का, अरब, तिब्बत तथा अफ़ग़ानिस्तान जैसे दूरस्थ क्षेत्रों की यात्राएं करके जहां उन्होंने सत्य, प्रेम तथा भाईचारे का संदेश दिया, वहीं पाखंडों और अंधविश्वासों का खंडन भी किया। गुरु नानक जी की शिक्षाएं तीन मुख्य सिद्धांतों पर आधारित हैं—नाम जपो, कीरत करो और वंड छको। 'नाम जपो' से आशय निरंतर ईश्वर से जुड़े रहना तथा सबका भला मांगना है। 'एक ओंकार' में आस्था रखने वाले बाबा नानक जी के अनुसार, 'नानक नाम चढ़दी कला, तेरे भाणे सरबत दा भला।' 'कीरत करो' से अभिप्राय ईमानदारीपूर्वक आजीविका कमाकर परिवार का पालन-पोषण करना है। 'वंड छको' का अर्थ है मिल-बांटकर खाना तथा अपनी कमाई का कुछ हिस्सा ज़रूरतमंदों की सहायता के लिए अर्पित करना। सामाजिक समानता के पक्षधर गुरुजी के विचार में जन्म से किसी की जाति ऊंची या नीची नहीं होती; ऊंच-नीच तो अच्छे और बुरे कर्मों के माध्यम से तय होती है। उनके शब्दों में, 'न हम हिंदू, न मुसलमान।' इसी सोच के तहत 'लंगर' की शुरुआत की गई, जिसमें किसी भी वर्ण, धर्म, जाति या समुदाय से संबद्ध लोग एक साथ बैठकर भोजन करते हैं। बाबा नानक जी के कथनानुसार, मुक्ति या आध्यात्मिकता मात्र संन्यासी बनने अथवा गुफ़ाओं में बैठने से नहीं मिलती। गृहस्थ जीवन में सामाजिक दायित्व निष्ठापूर्वक निभाकर भी इन्हें प्राप्त किया जा सकता है।

व्यापार

शेयर बाजार में बड़ी गिरावट

सेंसेक्स 1,483 अंक लुढ़का निफ्टी 25,349 पर बंद हुआ

मृदुभाषी। नई दिल्ली



शेयर बाजार में आज यानी 23 नवंबर को बड़ी गिरावट रही और सेंसेक्स 1,483 अंक गिरकर 82,435 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी में भी 450 अंक की गिरावट रही और यह 25,349 पर बंद हुआ। इस दौरान मेटल, बैंकिंग और एनर्जी शेयर्स में सबसे ज्यादा बिकवाली रही और गिरावट के चलते बाजार की मार्केट वैल्यू आज 5.24 लाख करोड़ रुपए घटकर 508 लाख करोड़ रुपए पर आ गई। बाजार की इस चाल को समझने के लिए मान लीजिए कि राम कुमार ने शेयर बाजार में 10 हजार में किसी कंपनी के 10 शेयर खरीदे और बाद में गिरावट के कारण उनके इन शेयरों की वैल्यू घटकर 8 हजार रह गई, लेकिन उन्होंने ये शेयर अभी बेचे नहीं हैं। ऐसे में उन्हें कोई नुकसान नहीं हुआ है, क्योंकि भविष्य में इन शेयरों के दाम बढ़ भी सकते हैं और जब तक वे इन शेयरों को बेचते नहीं हैं, तब तक यह केवल एक कागजी या अवास्तविक नुकसान है, जिसे वेल्थ घटना कहते हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार बाजार में इस गिरावट के 2 प्रमुख कारण रहे, जिनमें पहला ग्लोबल बाजारों से मिले कमजोर संकेत हैं, जिनका असर दुनियाभर के बाजारों के साथ भारतीय बाजारों पर भी दिखा, और दूसरा कारण प्रॉफिट बुकिंग है, क्योंकि बीते कुछ दिनों से शेयर बाजार में लगातार तेजी देखने को मिल रही थी और अब निवेशक मुनाफा वसूली कर रहे हैं। दूसरी ओर, महानदी कोलफील्ड्स के IPO का आज आखिरी दिन है, जिसका प्राइस बैंड 129 से 136 रुपए तय किया गया है, जिसमें निवेशकों को मिनिमम 14,960 रुपए निवेश करने होंगे, इस इश्यू के जरिए कोल इंडिया 10% हिस्सेदारी बेचकर करीब 9,500 करोड़ जुटाने की तैयारी में है और इन शेयरों की लिस्टिंग 27 नवंबर को होगी।

मोटर इंश्योरेंस में 15 दिसंबर से बड़े बदलाव

मृदुभाषी। नई दिल्ली

बीमा नियामक संस्था IRDAI 15 दिसंबर 2026 से मोटर इंश्योरेंस पॉलिसी में 4 बड़े बदलाव लागू करने जा रही है। इकोनॉमिक टाइम्स वेल्थ की रिपोर्ट के मुताबिक, इस तारीख से जारी होने वाली सभी प्राइवेट कार और टू-व्हीलर पॉलिसियों में पुरानी 'थर्ड-पार्टी ओनली' और 'कॉम्प्रिहेंसिव' पॉलिसियों की जगह एक सिंगल पॉलिसी आएगी। इसे 4 अलग-अलग हिस्सों में बांटा जाएगा और हर हिस्से का प्रीमियम अलग दिखेगा। इनमें थर्ड-पार्टी कवर से दूसरे व्यक्ति को चोट, मृत्यु या संपत्ति के नुकसान पर सुरक्षा मिलेगी, जबकि पैसेंजर लायबिलिटी गाड़ी में बैठे यात्रियों और योग्य लोगों से जुड़े कानूनी दावों को कवर करेगी। इसके अलावा पर्सनल एक्सीडेंट कवर गाड़ी के मालिक और वैकल्पिक रूप से अन्य यात्रियों को सुरक्षा देगा तथा ओन-डैमेज कवर एक्सीडेंट या अन्य कारणों से खुद की गाड़ी को हुए नुकसान की भरपाई करेगा।

नए नियमों के तहत गाड़ी मालिकों के लिए केवल थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस और ओनर का पर्सनल एक्सीडेंट कवर लेना ही अनिवार्य होगा। इसके अलावा अन्य तीन हिस्से—पैसेंजर लायबिलिटी कवर, यात्रियों के लिए पर्सनल एक्सीडेंट कवर और ओन-डैमेज कवर—पूरी तरह वैकल्पिक होंगे। एक्सपर्ट्स का मानना है कि प्रीमियम बचाने के चक्कर में इन वैकल्पिक कवर को छोड़ने से भविष्य में बड़े आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। गाड़ी के मालिक का पर्सनल एक्सीडेंट कवर तब भी लागू होगा, जब वह खुद गाड़ी नहीं चला रहा हो। यदि मालिक अपनी ही गाड़ी में सफर कर रहा है या गाड़ी में चढ़ते-उतरते समय किसी हादसे का शिकार होता है, तो भी उसे क्लेम मिलेगा। इसमें मृत्यु या स्थायी पूर्ण विकलांगता पर 100% भुगतान और एक आंख की रोशनी या एक अंग खोने पर 50% भुगतान का प्रावधान है। इसके लिए व्यक्ति का गाड़ी का रजिस्टर्ड मालिक व पॉलिसीधारक होना और वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना जरूरी है, कंपनियों या फर्मों के नाम पर रजिस्टर्ड गाड़ियां दायरे से बाहर रहेंगी।



परिवार की सुरक्षा को लेकर अहम शर्तः नई पॉलिसी में परिवार की सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण शर्त रखी गई है, जिसके तहत 'पैसेंजर लायबिलिटी कवर' में आपके करीबी परिवार के सदस्यों—जैसे माता-पिता, पति या पत्नी और बच्चों—को सुरक्षा नहीं मिलेगी। उदाहरण के लिए, अगर आपकी कार के एक्सीडेंट में आपके जीवनसाथी या बच्चे को चोट लगती है, तो यह सेक्शन उनके प्रति आपकी कानूनी देनदारी को कवर नहीं करेगा। ऐसे में परिवार की सुरक्षा के लिए आपको अलग से यात्रियों वाला वैकल्पिक 'पर्सनल एक्सीडेंट कवर' लेना होगा, जो मृत्यु या स्थायी विकलांगता की स्थिति में एक तय रकम देता है।

ओन-डैमेज कवर छोड़ना भारी

थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस में आपकी खुद की गाड़ी को हुए नुकसान की भरपाई नहीं होती, इसलिए मरम्मत या पार्ट्स बदलने के खर्च से बचने के लिए 'ओन-डैमेज कवर' बेहद जरूरी है। गाड़ी के पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने पर बीमा कंपनी गाड़ी की मौजूदा बाजार कीमत (IDV) में से कबाड़ की कीमत घटाकर भुगतान करती है और बेहतर सुरक्षा के लिए इसके साथ 'जीरो डेप्रिसिएशन' जैसे ऐड-ऑन कवर भी लिए जा सकते हैं। नए नियमों के लागू होने से इंश्योरेंस प्रीमियम कम होने की उम्मीद कम है, क्योंकि यह बदलाव मुख्य रूप से मौजूदा कवर्स को अलग-अलग करके दिखाने के लिए किया गया है ताकि ग्राहक को पता रहे कि वह किस सुविधा के लिए कितना पैसा दे रहा है। थर्ड-पार्टी प्रीमियम पहले की तरह सरकार ही तय करेगी, जबकि बाकी हिस्सों की कीमत बीमा कंपनियां तय करेंगी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अगर पहले जितने ही कवर चुने जाते हैं, तो प्रीमियम में किसी बड़ी कटौती की उम्मीद नहीं करनी चाहिए।

पॉलिसी खरीदने से पहले चेक करें ये 5 बातें

नई पॉलिसी खरीदने से पहले यह जांच लें कि आपने साथ सफर करने वालों के लिए जरूरी पैसेंजर कवर चुना है या नहीं और यह ध्यान रखें कि पैसेंजर लायबिलिटी में माता-पिता, पत्नी व बच्चे शामिल नहीं हैं। इसके साथ ही यह तय करें कि गाड़ी को अलग से ओन-डैमेज कवर की जरूरत है या नहीं, पॉलिसी के हर सेक्शन की अलग-अलग कीमत की तुलना करें और शर्तों व जीरो डेप्रिसिएशन जैसे ऐड-ऑन फायदों को ध्यान से पढ़ें।

दिसंबर के आखिरी-तक UPI से निकल सकेगा PF का पैसा



नई दिल्ली। एम्पलाई प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन (EPFO) दिसंबर के आखिरी तक UPI के जरिए प्रोविडेंट फंड (PF) निकालने की सुविधा शुरू कर सकता है। द फाइनेंशियल एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, इस सर्विस के सभी ट्रायल पूरे हो चुके हैं और इस दौरान आई सभी तकनीकी खामियों को भी ठीक कर लिया गया है।

यह नई सुविधा शुरू होने के बाद EPF सब्सक्राइबर्स सीधे BHIM एप के जरिए अपने एलिजिबल PF फंड को निकाल सकेंगे। यह कदम EPFO के बड़े टेक्नोलॉजी अपग्रेड 'EPFO 3.0' का हिस्सा है। जिसे फरवरी 2027 में सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (CBT) की अगली मीटिंग के दौरान लॉन्च किए जाने की उम्मीद है। नई सुविधा के लाइव होने के बाद सब्सक्राइबर्स को अपने खाते की स्थिति जानने के लिए पोर्टल पर लॉगइन करने की मशक्कत कम हो जाएगी। UPI आधारित यह निकासी सुविधा सीधे मेंबर के यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (UAN) और उनके UPI अकाउंट से लिंक रहेगी। हालांकि, इस फीचर का लाभ केवल उन्हीं बैंक अकाउंट्स पर मिलेगा जो पूरी तरह से वेरिफाइड हैं और जिनका EPFO अकाउंट के साथ पहले से लिंकिंग प्रोसेस पूरा हो चुका है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सब्सक्राइबर्स को अपने EPF बैलेंस का 75% हिस्सा UPI के जरिए निकालने की अनुमति मिल सकती है। हालांकि, EPFO की ओर से अभी तक इस लिमिट को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। रिटायरमेंट फंड बॉडी ने 19 नवंबर को हुई बोर्ड मीटिंग में PF अकाउंट में अनिवार्य मिनिमम बैलेंस को 25% से घटाकर 10% करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इस फैसले के बाद पार्शियल विड्रॉल की लिमिट एलिजिबल बैलेंस के 75% से बढ़कर 90% तक हो सकती है।

वित्तमंत्री ने बताया गरीबी का मतलब

मृदुभाषी। नई दिल्ली



वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि गरीबी को सिर्फ मजदूरी या आमदनी से नहीं मापा जा सकता। सुरक्षित घर, साफ पानी, स्वच्छता और इलाज के बिना परिवार आर्थिक संकट में रहता है।

उन्होंने लिंक्डइन पोस्ट में वर्ल्ड बैंक की भारत पर ताजा गरीबी और समानता रिपोर्ट का हवाला दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, 2011 से 2023 के बीच करीब 50 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर आए और अत्यधिक गरीबी लगभग खत्म हो गई। वित्त मंत्री ने कहा, 'गरीबी सिर्फ आमदनी या मजदूरी की कमी नहीं है। सुरक्षित छत, साफ पानी, स्वच्छता या इलाज के बिना कोई परिवार कमजोर बना रहता है।' उन्होंने कहा कि आमदनी बढ़ने के बाद भी ऐसे परिवार संकट में रह सकते हैं। एक बीमारी उनकी पूरी बचत खत्म कर सकती है और उन्हें दोबारा गरीबी में पहुंचा सकती है।

सांसद सावित्री ठाकुर ने रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्यों का लिया जाएगा

यात्री सुविधा का लिया जायजा व्यवस्थाएं पूरी करने दिए निर्देश

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

धार। रेलवे स्टेशन पर रेल परिचालन शुरू होने की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में धार-महू लोकसभा क्षेत्र की सांसद एवं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने सोमवार को स्टेशन पहुंचकर चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि रेल परिचालन शुरू होने से पहले सभी जरूरी व्यवस्थाएं समयसीमा में पूरी की जाएं। यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं में किसी तरह की कमी नहीं रहनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान सांसद ठाकुर ने स्टेशन परिसर में यात्री सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। उनका कहना था कि रेल परिचालन शुरू होने के बाद यात्रियों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए रेलवे अधिकारी अभी से सभी



तैयारियां सुनिश्चित करें।

सांसद ठाकुर ने कहा कि धार रेलवे स्टेशन पर हो रहे

विकास कार्यों को देखकर प्रसन्नता और गौरव का अनुभव हो रहा है। आजादी के बाद पहली बार धार में रेल परिचालन शुरू होने जा रहा है। यह केवल जिले के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे आदिवासी अंचल और लोकसभा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के समन्वित प्रयासों से धार जैसे जनजातीय बहुल क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम हो रहा है। रेल सुविधा शुरू होने से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

व्यापार, पर्यटन और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

ठाकुर ने कहा कि धार में रेल परिचालन शुरू होना महज आवागमन की सुविधा नहीं, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक और सामाजिक प्रगति का नया अध्याय है। इससे विद्यार्थियों, व्यापारियों, किसानों, श्रमिकों, महिलाओं और आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही औद्योगिक गतिविधियों, स्थानीय व्यापार, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे।

रेल सेवाओं का विस्तार प्राथमिकता

उन्होंने कहा कि धार रेलवे स्टेशन तक अधिक से अधिक रेल सेवाओं का विस्तार कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक वर्ग और अंचल के नागरिकों को रेल सुविधा का लाभ मिल सके। धार को प्रदेश और देश के प्रमुख शहरों से बेहतर रेल संपर्क उपलब्ध कराना उनका लक्ष्य है। निरीक्षण के दौरान रेलवे से जुड़े अधिकारी एवं अन्य संबंधित मौजूद रहे।

ओवरलोड तूफान की छत पर बैठे तीन युवक टर्न पर नीचे गिरे

धार। जिले के बाग थाना क्षेत्र में झाबा-बाग मार्ग पर ओवरलोड तूफान वाहन की छत पर बैठकर सफर कर रहे तीन युवक हादसे का शिकार हो गए। मोड़ पर टर्न लेते समय तीनों युवक चलते वाहन से नीचे गिर गए। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बड़वानी रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम मेसरा निवासी दिनेश मंडलोई, केरू सिंह और नारू सिंह कपास बेचने के लिए बाग आ रहे थे। तीनों ओवरलोड तूफान वाहन की छत पर बैठे हुए थे। इसी दौरान ग्राम झाबा और बाग के बीच मोड़ पर सामने से एक बाइक आ गई। टर्न लेते समय वाहन की छत पर बैठे तीनों युवक संतुलन नहीं संभाल पाए और नीचे गिर पड़े।

हादसे के बाद तूफान वाहन चालक तीनों घायलों को सड़क पर ही छोड़कर वहां से रवाना हो गया। बाद में एंबुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाग पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बड़वानी रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले में वाहन चालक की तलाश कर रही है।

आपसी विवाद में पिता की लट्ठ मारकर हत्या

घर के सामने ही तोड़ा दम, पुलिस ने दर्ज किया मामला

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

धार। जिले के ग्राम जामला में आपसी विवाद के चलते एक बेटे ने अपने ही पिता की लट्ठ से पीटकर हत्या कर दी। घटना में पिता के सिर के पिछले हिस्से और दाहिने पैर में गंभीर चोटें आईं, जिसके चलते उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जामला निवासी कुँवरसिंह मोरी (45) का किसी बात को लेकर अपने बेटे अनिल से विवाद हो गया था। विवाद के दौरान अनिल ने जान से मारने की नीयत से पिता पर लट्ठ से हमला कर दिया। उसने सिर के पिछले हिस्से और दाहिने पैर पर कई वार किए। गंभीर चोट लगने से कुँवरसिंह ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मामले में फरियादी तेरसिंह पिता रामसिंह मोरी (55), निवासी जामला की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। साथ ही मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया गया है। आरोपी अनिल के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सर्दी में अलग कपड़ों पर नहीं रुकेगा कक्षा में प्रवेश

शाजापुर। शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में गणवेश के नाम पर विद्यार्थियों को परेशान किए जाने की शिकायतों पर लोक शिक्षण संचालनालय ने कड़ा रुख अपनाया है। संचालनालय ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि सर्दी के मौसम में अलग रंग या डिजाइन के स्वेटर और गर्म कपडे. पहनकर आने पर किसी भी छात्र को कक्षा में प्रवेश से वंचित नहीं किया जाएगा। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश में प्रदेश के समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों तथा जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों को इन नियमों का मानवीय दृष्टिकोण से कडाई से पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में कहा गया है कि कपडों के रंग या डिजाइन के आधार पर बच्चों की पढाई बाधित करना और उनके साथ भेदभाव करना सर्वथा अनुचित है।

कार से 179 किलो डोडाचूरा जब्त

बिना नंबर की थी कार, एक आरोपी को किया गिरफ्तार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

मंदसौर/शामगढ़। अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बिना नंबर की अर्टिगा कार से 179 किलोग्राम डोडाचूरा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ और कार की कुल कीमत करीब 13 लाख 58 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (गरोठ) राम सनेही मिश्रा और एसडीओपी सीतामऊ दिनेश प्रजापति के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश प्रजापति व उनकी टीम ने यह कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक बिना नंबर की सफेद रंग की मारुति सुजुकी अर्टिगा कार अवैध रूप से डोडाचूरा लेकर ग्राम असावती



से हरिपुरा देवरी होते हुए मेलखेड़ा की ओर जा रही है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने हरिपुरा फंटे पर संदिग्ध सफेद अर्टिगा कार को रोककर तलाशी ली, जिसमें मादक पदार्थ डोडाचूरा पाया गया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम अंकित राठौर (29) पिता जगदीश राठौर, निवासी ग्राम आवर, थाना कोतवाली, जिला आगर मालवा बताया।

कार में रखे प्लास्टिक के नौ काले कट्टों से कुल 179 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद किया गया, जिसकी कीमत 3 लाख 58 हजार रुपए बताई गई है। इसके साथ ही बिना नंबर की सफेद मारुति सुजुकी अर्टिगा कार भी जब्त की गई, जिसका मूल्य 10 लाख रुपए आंका गया है। पुलिस ने आरोपी अंकित राठौर के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मामले में मादक पदार्थ के स्रोत और अन्य संलिप्त लोगों के संबंध में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए एडवाइजरी, नियंत्रण कक्ष स्थापित

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

आगर-मालवा। जिले में बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएंजा) की रोकथाम, नियंत्रण और जागरूकता के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। उपसंचालक पशुपालन डॉ. महेश जारोलिया ने नागरिकों, पोल्ट्री संचालकों, चिकन विक्रेताओं और उपभोक्ताओं से सावधानी बरतने तथा संदिग्ध लक्षण दिखने पर तुरंत सूचना देने का आग्रह किया है।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि संक्रमित पक्षियों की बीट, म्यूकस, पंख व स्राव के संपर्क से इंसानों में भी संक्रमण हो सकता है, इसलिए बच्चों को बीमार या मृत पक्षियों से दूर रखें। पक्षियों में अचानक कमजोरी, पंख गिरना, आंखों-सिर पर सूजन, कलंगी-पैरों के रंग में बदलाव, अंडे व दाना खाने में कमी तथा अधिक संख्या में अचानक मौत जैसे लक्षण दिखने पर विभाग को सूचित करें।

पक्षियों को सुरक्षित बाड़े में रखा जाए

पोल्ट्री संचालकों को पक्षियों को सुरक्षित बाड़े में रखने, बाहरी प्रवेश व जंगली जीवों से संपर्क रोकने, नियमित डिसइन्फेक्शन, स्वच्छ आहार-पानी, नए पक्षियों के 30 दिन के क्वारंटाइन और साफ-सफाई के निर्देश दिए गए हैं। चिकन व अंडा उपभोक्ताओं को विश्वसनीय दुकान से खरीद करने, कटे चिकन व टूटे अंडों से बचने, कम से कम 70 डिग्री सेल्सियस पर अच्छी तरह पकाकर खाने तथा कच्चा चिकन छूने के बाद हाथ व बर्तन साफ करने की सलाह दी गई है। तेज बुखार, जुकाम या सांस लेने में तकलीफ होने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र जाएं और चिकित्सक को पक्षियों के संपर्क की जानकारी दें।चिकन दुकानदारों को नियमित साफ-सफाई, औजारों की धुलाई, मास्क-ग्लव्स पहनने, मांस ढककर रखने और अपशिष्ट सुरक्षित निस्तारण के निर्देश दिए।

स्कूटी की डिग्गी से ढाई लाख चोरी

दो आरोपी गिरफ्तार, 2 लाख 5 हजार रुपए भी बरामद

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

डबरा। तहसील परिसर के बाहर खड़ी स्कूटी की डिग्गी से ढाई लाख रुपए चोरी करने के मामले में डबरा पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 लाख 5 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर हुई कार्रवाई में पुलिस ने राजगढ़ जिले के दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसके बाद चोरी की वारदात का खुलासा हुआ।

जानकारी के अनुसार, शिव कॉलोनी डबरा निवासी फरियादी सुशील शुक्ला ने 2 नवंबर 2026 को भारतीय स्टेट बैंक से रुपए निकाले थे और उन्हें अपनी स्कूटी की डिग्गी में रख दिया था। इसके बाद वे तहसील कार्यालय पहुंचे और दोपहर करीब 1 बजे स्कूटी को तहसील के बाहर खड़ा कर





अपनी दुकान पर चले गए। शाम करीब 4 बजे घर जाने के लिए जब उन्होंने डिग्गी खोली, तो उसमें से ढाई लाख रुपए गायब थे और केवल 50 हजार रुपए का एक बंडल ही बचा मिला। इस संबंध में फरियादी ने 3 नवंबर 2026 को थाने पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

आरोपियों ने 45 हजार खर्च करने की दी जानकारी

पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और तकनीकी साक्ष्यों के सहारे जांच आगे बढ़ाई। जांच के आधार पर पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा, जिनकी पहचान अर्जुन सिसोदिया और कालू सिसोदिया के रूप में हुई है। दोनों ग्राम कड़िया सांसी, थाना बोडा, जिला राजगढ़ के निवासी बताए गए हैं। पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने पंचनामा तैयार कर 2 लाख 5 हजार रुपए बरामद किए, जबकि पूछताछ में आरोपी अर्जुन ने बताया कि शेष में से 45 हजार रुपए खर्च हो चुके हैं।

4 दिन बाद भी लुटेरों का सुराग नहीं

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

रतलाम। रतलाम-इंदौर फोरलेन बायपास पर 18 नवंबर की रात कन्फेक्शनरी व्यापारी से हुई 8 लाख 15 हजार 510 रुपए की लूट के मामले में चार दिन बाद भी बदमाशों का सुराग नहीं लग सका है।

पुलिस अब अलग-अलग टीमों के जरिए इंदौर और बेटमा की ओर जांच का दायरा बढ़ा रही है। पीड़ित व्यापारी हर्षित सिंधी इंदौर के रहने वाले हैं और गोली, बिस्किट व चॉकलेट के डिस्ट्रीब्यूटर हैं। 18 नवंबर की रात वे महिंद्रा शोरूम के सामने टॉयलेट जाने के लिए कार खड़ी कर रुके थे, तभी बाइक सवार बदमाश कार से रुपयों से भरा बैग निकाल ले गए। व्यापारी और ड्राइवर गजेंद्र भिड़े ने पीछा कर बैग वापस लिया, लेकिन बदमाशों ने पत्थर से कार का कांच तोड़ दिया, मारपीट की और बैग लूटकर फरार हो गए। घटना की रात एसपी अमित कुमार समेत अन्य अधिकारी पहुंचे थे और सीसीटीवी में कुछ संदिग्ध बाइक सवार दिखे थे, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। हर्षित ने बताया कि वे 17 नवंबर को दोस्त की कार से ड्राइवर के साथ कलेक्शन के लिए निकले थे। रतलाम, नीमच और मंदसौर से राशि एकत्र कर वे 18 नवंबर की सुबह मंदसौर से इंदौर के लिए रवाना हुए थे। रात में जावरा में दोस्तों संग भोजन के बाद रतलाम होते हुए इंदौर लौटते समय यह वारदात हुई। पुलिस व्यापारी को साथ लेकर नीमच से रतलाम तक के सीसीटीवी फुटेज खंगाल चुकी है।

डांसी मंदिर पर आज होगा अन्नकूट, तैयारियां पूरी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

शाजापुर। डांसी रोड स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर पर हर साल की तरह इस साल भी दीप माला एवं अन्नकूट का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए भावसार समाज द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

कल 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा का पर्व जिले भर में मनाया जाएगा। कार्तिक माह में महिलाएं नदियों में दीप विसर्जित करेंगी और इस दिन भी नगरवासी एक बार फिर दीपोत्सव मनाएंगे। नगर के मंदिरों में भी कार्तिक पूर्णिमा पर धार्मिक कार्यक्रमों



का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में डांसी रोड स्थित भगवान श्री जगन्नाथ जी मंदिर पर भी दीपमालाएं सजाई जाएंगी और मंदिर को आकर्षक रूप से सुसज्जित किया जाएगा जहां अन्नकूट का भी आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति संयोजक रामचंद्र मुन्ना भावसार ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर में आतिशबाजी भी की जाएगी। भावसार समाज अध्यक्ष तुलसीराम भावसार, मंदिर समिति संयोजक रामचंद्र भावसार, भावसार समाज सचिव अभय बबलू भावसार ने सभी समाजजनों से कार्यक्रम में भाग लेकर पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया है।

निरीक्षण बेटी के प्रेम विवाह से आहत है परिजन, अरेंज मैरिज की हो चुकीं थीं तैयारियां

जिंदा बेटी को माना मृत, शोक मनाकर भोज

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

रतलाम/जावरा। प्रेम विवाह से नाराज पिता और परिजनों ने अपनी 23 वर्षीय बेटी को मृत मानते हुए सोमवार सुबह घर पर शोक (गोरनी) कार्यक्रम आयोजित कर दिया। इसके लिए बाकायदा पंडित को बुलाकर हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार पूजा-अर्चना की गई, बेटी की तस्वीर रखकर उस पर माला चढ़ाई गई, धूप-ध्यान किया गया और परिजनों व समाजजनों के लिए भोज का आयोजन भी रखा गया। यह भावनात्मक और चर्चा का विषय बना मामला रतलाम जिले के जावरा स्थित कुम्हारीपुरा का है, जहां परिवार की सबसे छोटी बेटी की शादी आगामी 3 दिसंबर को होने वाली थी और घर में विवाह को लेकर लगभग पूरी तैयारियां हो चुकी थीं। घटना



पूरे जिले में चर्चा का विषय बनी हुई थी।

मामले की जानकारी के अनुसार, युवती की शादी के लिए निमंत्रण पत्र भी बांटे जा चुके थे और घर में खुशियों का माहौल था, लेकिन चार दिन पहले परिजनों को यह चौंकाने वाली जानकारी लगी कि युवती ने बिना बताए जावरा के रिंगनोद निवासी अपने प्रेमी युवक के साथ उज्जैन जाकर विवाह कर लिया है। इस घटना की जानकारी लगने के साथ ही परिवार में हड़कंप मच गया और शादी वाले घर में मातम जैसे हालात बन गए। घटना को लेकर परिजनों में दुख के साथ आक्रोश देखने को मिला।

फोन करो ससुराल वालों को बताया शादी कर ली

बताया गया कि युवती ने स्वयं अपने होने वाले ससुराल में चार दिन पूर्व फोन कर कहा कि उसने शादी कर ली है। ससुराल वालों से यह बात सामने आने के बाद परिजनों को पूरे घटनाक्रम का पता चला। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को भी दी गई और युवती थाने पर पेश हुई। मटके का ठेला लगाकर परिवार का भरण-पोषण करने वाले पिता ने बताया कि उनकी चार संतानें हैं, जिनमें सबसे बड़ी बेटी, दूसरे नंबर पर बेटा और फिर दो बेटियां हैं। सबसे छोटी बेटी की शादी 3 दिसंबर को जावरा में ही तय की गई थी और विवाह से पहले घर में भागवत कथा भी रखी गई थी। आहत पिता ने कहा कि उन्होंने बेटी को बड़ी मुश्किलों के बीच कॉलेज तक पढ़ाया-लिखाया, लेकिन उसने बिना बताए विवाह कर उन्हें कहीं का नहीं छोड़ा, इसलिए उसे मृत मानते हुए उसकी गोरनी का कार्यक्रम किया गया है।

माता-पिता के दर्द को समझे वर्तमान पीढ़ी

भाई ने बताया कि बहन ने करीब एक माह पहले शादी कर ली थी और जब उसने परिवार व भाइयों को कुछ नहीं समझा, तो उसे मृत मानकर शोक कार्यक्रम कर दिया गया। शोक कार्यक्रम कराने वाले पंडित का कहना था कि माता-पिता हर परिस्थिति में अपने बच्चों को बड़ा कर पढ़ाते-लिखाते हैं, लेकिन जब बच्चे इस तरह के कदम उठाते हैं तो माता-पिता और पूरा परिवार टूट जाता है। उनके अनुसार इस शोक कार्यक्रम के पीछे का उद्देश्य यह है कि आज की पीढ़ी माता-पिता के दर्द को समझे और यह जाने कि बिना बताए घर से जाने या ऐसे कदम उठाने पर परिवार पर क्या बीतती है।

एक दिन में 200 लोगों को मिला मुफ़्त इलाज, 15 युवाओं ने किया रक्तदान

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

थांदला। नूरी गार्डन, जामा मस्जिद के पास निजामी ग्रुप थांदला और मुस्लिम पंच ने सूफी संत हजरत निजामुद्दीन कादरी साहब की याद में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर लगाया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इसके लिए सुबह होते ही लोग पहुंचने लगे। किसी को घुटनों में दर्द था, किसी की आंखों में दिक्कत, किसी को बस अपनी सेहत की जांच करानी थी। इन सभी का शिविर में निःशुल्क उपचार किया गया। इसके साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों ने इन्हे मुफ्त सलाह प्रदान की।

इस दौरान हॉस्पिटल, मेघनगर की टीम ने शिविर संभाला। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. दिव्यांशु पटेल, डॉ. मनीष चांगोद, डॉ. सौरभ



बघेल, डॉ. मनीषा रावत और नेत्र सहयोगी कुमारी हर्षिल लोधी ने हर मरीज को इत्मीनान से देखा। पूरे दिन में करीब 200 मरीजों की जांच हुई। 30 मरीज घुटनों के दर्द से परेशान मिले, और 7 मरीजों में मोतियाबिंद की पहचान हुई।

युवाओं की सराहना की

शिविर में सबसे ज्यादा सराहना उन 15 युवाओं के लिए की गई। जिन्होंने स्वेच्छा से रक्तदान किया। वहां मौजूद एक बुजुर्ग बोले दवा तो डॉक्टर दे देगा, खून तो इंसान ही दे सकता है। शिविर के पीछे फादर पी. थॉमस और फादर निलेश सिंगाड़िया का मार्गदर्शन रहा, और मैदान में शाहिद निजामी, अब्दुल हक शेख, अब्दुल कादर शेख, फरजमान पठान, जुनेद शेख, तोसीफ, सरफराज खान, अब्दुल कुद्दूस शेख, शेरदिल फरजमान पठान, डॉ. रशीद खान, रेहान रईस शेख, तोकीर हैदर रंगरेज, सिब्तेन रजा, शाहिद और अन्य समाजजन लगे रहे।

नशे में धुत था ट्रॉला चालक, बाइक सवार परिवार को मारी टक्कर

ट्रॉला ने उजाड़ा परिवार, माता पिता सहित 2 बेटियों की मौत





मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

ग्वालियर/डबरा। छीमक-कल्याणी मार्ग पर डबरा के कल्याणी के पास रविवार शाम करीब 6 बजे तेज रफ्तार ट्रोला ने बाइक सवार परिवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में पिता और उनकी आठ वर्षीय बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल मां ने ग्वालियर के ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में परिवार की छोटी बेटी भी घायल हुई है, जिसने सोमवार दोपहर अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे के वक्त ट्रॉला चालक नशे में बताया गया है। एक ही परिवार के 4 सदस्यों की मौत से गांव में मातम पसरा है और क्षेत्र में शोक व आक्रोश का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, भितरवार के सासन गांव निवासी कमल किशोर विश्वकर्मा अपनी पत्नी सीमा और दो बेटियों दीक्षा व भूमि के साथ बाइक से ग्वालियर जा रहे थे। बताया गया है कि सीमा का ग्वालियर में इलाज चल रहा था और परिवार शाम को गुड़ीगुड़ा के नाके पर रहने वाले अपने साले के घर पहुंचने वाला था। इसी दौरान कल्याणी के पास सामने या तेज रफ्तार से आ रहे ट्रोला ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। निवासी बंटी शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपित चालक शराब के नशे में ट्रोला चला रहा था, जिसके कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ।

चारों बाइक से उछलकर दूर सड़क पर जा गिरे

टक्कर इतनी भीषण थी कि चारों बाइक से उछलकर दूर सड़क पर जा गिरे। इस हादसे में कमल किशोर विश्वकर्मा और उनकी बड़ी बेटी दीक्षा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि सीमा विश्वकर्मा और छोटी बेटी भूमि गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद ट्रक भी खंती में पहुंच गया। सूचना मिलते ही आंतरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाकर वाहन की तलाश व जांच शुरू की, वहीं अस्पताल में इलाज के दौरान पहले सीमा और फिर भूमि ने भी दम तोड़ दिया। डबरा एसडीओपी ने बताया कि घटना के बाद ट्रॉला चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसकी पहचान ग्राम लदवाया

चार शव पहुंचे तो बस्ती में पसरा मातम

सोमवार को ग्वालियर से चारों के शव भितरवार के वार्ड क्रमांक 15 स्थित सासन पहुंचे। परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के साथ बड़ी संख्या में वार्डवासी भी मौजूद थे। एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत से पूरी बस्ती में शोक छा गया। महिलाओं का रो-रोकर बुरा हाल था। बताया जाता है कि कमल घर से निकलते समय योजना बनाकर चले थे कि ग्वालियर से दवा लेने के बाद रात को गुड़ी-गुड़ा नाके पर रहने वाले अपने साले के घर रुकेंगे। लेकिन ग्वालियर पहुंचने से पहले ही हादसे में परिवार के चारों सदस्यों की जान चली गई। जिस परिवार ने साथ सफर शुरू किया था, उसकी चारों अर्थियां एक साथ उठीं। यह दृश्य देखकर हरेक का कलेजा फट गया।

गुरुनानक देव जी जन्मोत्सव पर आज होंगे आयोजन



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

देवास। गुरुनानक जन्मोत्सव एवं कार्तिक मास के समापन अवसर पर कल 24 नवंबर को श्री मोहनधाम मंदिर, देवास में ब्रह्मलीन स्वामी संतोषदास जी के सान्निध्य में श्री साईं मेहर दास द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन पूज्य सिंध हिन्दू सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए खुबचंद मनवानी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 6:30 बजे भव्य प्रभातफेरी से होगी। इसके पश्चात सुबह 10 से 11 बजे तक सुखमनी साहिब का पाठ तथा 11 से दोपहर 12 बजे तक श्री सत्यनारायण भगवान की कथा होगी। दोपहर 12 से 2 बजे तक कार्तिक मास कथा का समापन एवं भजन-कीर्तन किया जाएगा। तत्पश्चात विशाल आम भंडारे का आयोजन होगा। पूज्य सिंध हिंदू पंचायत, सिंधी महिला मंडल, मोहनधाम सेवा समिति ने माताओं, बहनों एवं समाजजनों से समस्त कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया है।

सार्वजनिक शौचालय की जमीन को नपा ने कराया अतिक्रमण मुक्त

कबाड़ा रखकर जमीन पर कर रखा था अतिक्रमण

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

खरगोन। शहर के छोटी मोहन टॉकीज क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर प्रस्तावित सार्वजनिक शौचालय की भूमि को सोमवार को नगर पालिका दल ने अतिक्रमण से मुक्त कराया। दोपहर तीन बजे नगर पालिका राजस्व अधिकारी महेश वर्मा और सहायक राजस्व निरीक्षक राजेंद्र चौहान अपने दल के साथ मौके पर पहुंचे। यहां पहुंचने पर अफसरों का ईशारा मिलते ही अमले ने अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया।

राजस्व अधिकारी वर्मा ने बताया कि छोटी मोहन टॉकीज क्षेत्र में अनेक व्यापारिक प्रतिष्ठान संचालित हैं, जिससे यहां सैकड़ों लोगों का आवागमन रहता है। इस कारण क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इसको लेकर लोग लंबे समय से मांग भी कर रहे थे।

शौचालय निर्माण हेतु शासकीय भूमि आवंटित

सार्वजनिक शौचालय की आवश्यकता और लंबे समय से लोगों की मांग को देखते हुए दुकानदारों और ग्राहकों की सुविधा के लिए यहां सार्वजनिक शौचालय निर्माण हेतु शासकीय भूमि आवंटित की गई है। इस आवंटित



भूमि पर एक कबाड़ व्यवसायी ने अपने गोदाम के बाहर शासकीय जमीन पर बड़े पैमाने पर सामान फैलाकर अवैध कब्जा कर रखा था। इस अतिक्रमण को सोमवार को जेसीबी मशीन की सहायता से हटाया गया। हालांकि कार्रवाई के दौरान व्यवसायी ने सामान खुद हटाने के लिए समय मांगा और तत्काल सामान हटवाया।

सार्वजनिक सुविधाओं के निर्माण का रास्ता साफ

मौके पर लोहे के पाइप लगाकर बनाई गई एक अस्थायी टपरी को भी ध्वस्त किया गया। टपरी में लगे पाईप आदि सामान जब्त कर लिया गया। नगर पालिका के इस अभियान से क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के साथ ही सार्वजनिक सुविधाओं के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। नगर पालिका ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी शासकीय भूमि पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अतिक्रमण एक बड़ी समस्या बन चुकी है

उल्लेखनीय है की शहर में सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर अतिक्रमण एक बड़ी समस्या बन चुकी है। अक्सर प्रशासनिक अनदेखी के चलते इन भूमियों को सुविधाओं जैसे शौचालय, पार्क या सड़कों के लिए आरक्षित किया जाता है, लेकिन कुछ लोग इन पर अवैध कब्जा कर लेते हैं। इससे जनता को मिलने वाली सुविधाओं में बाधा आती है।

कब्जा होने के बाद अमला हरकत में आता है, जिससे समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है। रहवासियों का कहना है कि नपा को नियमित रुप से शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखने की मुहीम चलाना चाहिए। जिससे शासकीय जमीन पर कोई अतिक्रमण नहीं कर सके।

सौर लाइट में की तोड़फोड़ घर ले जाने का भी आरोप

ग्रामीणों ने प्रशासन से जांच कर कार्रवाई की मांग

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अनूपपुर। जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत दैखल के छिनमना टोला में सार्वजनिक उपयोग के लिए लगाई गई सौर ऊर्जा लाइट को कथित रूप से तोड़कर घर ले जाने का मामला सामने आया है। घटना रविवार शाम की बताई जा रही है। इससे मोहल्ले के लोगों को रात के समय आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, ग्राम पंचायत द्वारा मोहल्ले में लोगों की सुविधा और सुरक्षित आवाजाही के लिए सार्वजनिक सौर लाइट लगवाई गई थी। आरोप है कि रविवार शाम भूपत सिंह और उनके पिता ने सौर लाइट को क्षतिग्रस्त कर अपने घर ले गए। विरोध करने पर विवाद और गाली-गलौज किए जाने की बात भी सामने आई है। ग्रामीणों का



कहना है कि सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाए जाने से पूरा मोहल्ला अंधेरे में डूब गया है। वहीं, मामले में थाने में दूसरे पक्ष की ओर से भी रिपोर्ट किए जाने की जानकारी सामने आई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में जिम्मेदार लोगों पर उचित कार्रवाई करने तथा मोहल्ले में पुनः प्रकाश व्यवस्था बहाल कराने मांग की है।

20 हजार हेक्टेयर भूमि माइक्रो इरीगेशन से जुड़ेगी

कलेक्टर डॉ. मीना ने चकवार किसानों का पंजीयन करने के दिए निर्देश

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

आगर-मालवा। कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा " पर ड्रॉप मोर क्रॉप" योजना एवं कुण्डालिया प्रेशराइज्ड सिंचाई परियोजना की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परियोजना के सिंचित क्षेत्र में पारंपरिक फ्लड इरीगेशन के स्थान पर आधुनिक माइक्रो इरीगेशन पद्धति को बढ़ावा देने की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में अवगत कराया गया कि कुण्डालिया सिंचाई परियोजना से जिले के तीन विकासखण्ड आगर, नलखेड़ा और सुसनेर के कुल 143 ग्रामों के 82,956 किसानों की 62,264.73 हेक्टेयर भूमि सिंचित हो रही है। शासन के निदेर्शानुसार इस परियोजना से मिलने वाले पानी का उपयोग सूक्ष्म सिंचाई पद्धति से किया जाना है, जिससे जल की बचत हो और फसल उत्पादकता में वृद्धि हो सके।

बैठक में कलेक्टर डॉ. मीना ने 20 हजार हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित किया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में परियोजना क्षेत्र के 20 हजार हेक्टेयर रकबे में माइक्रो इरीगेशन यूनिट स्थापित करने हेतु किसानों के चयन का लक्ष्य



निर्धारित किया है।

15 दिन में किसानों का डाटाबेस और हितग्राहियों की सूची तैयार करने के निर्देश

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जल संसाधन विभाग, उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग, कृषि अभियांत्रिकी एवं सूक्ष्म सिंचाई कंपनियों के आपसी समन्वय से चकवार कृषक संगोष्ठी एवं प्रशिक्षण आयोजित कर 15 दिवस के भीतर किसानों का डाटाबेस और पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार की जाए।

बैठक में बताया गया कि पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना के तहत लघु एवं सीमांत किसानों को इकाई लागत का 55 प्रतिशत तथा अन्य किसानों को 45 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जा रहा है। पात्र किसान उद्यानिकी विभाग के एमपीएफएसटीएस पोर्टल या कृषि विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर अधिकतम 5 हेक्टेयर तक इसका लाभ ले सकते हैं।

कलेक्टर डॉ. मीना ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए है कि वे मैदानी अमले के माध्यम से किसानों को माइक्रो इरीगेशन के लाभों जैसे 30 से 50 प्रतिशत तक पानी की बचत, उर्वरकों का सटीक उपयोग, खरपतवार नियंत्रण एवं मजदूरी में कमी के प्रति जागरूक करें और शत-प्रतिशत पात्र किसानों का पोर्टल पर पंजीयन सुनिश्चित करें। बैठक में उप संचालक उद्यानिकी अर्जुन सिंह राजपूत, उप संचालक कृषि गोपेश पाठक एवं जल संसाधन विभाग तथा कुण्डालिया परियोजना से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

विश्व शांति हेतु शांतिनाथ मंडल विधान का आयोजन

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

मंडलेश्वर। पूज्य आर्यिका 105 लक्ष्मी भूषण माताजी ससंघ के मंगल सानिध्य में दिगंबर जैन बड़ा मंदिर मंडलेश्वर में विश्व शांति एवं जनकल्याण की मंगल कामना को लेकर शांतिनाथ महामंडल विधान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ विधान में सम्मिलित होकर विश्व में सुख, शांति एवं समृद्धि की मंगल भावना व्यक्त की। समाज मंत्री मनोज जैन ने बताया कि विधान का आयोजन विश्व शांति की कामना से किया गया। इसमें पुण्यार्जक परिवार गीता ओमप्रकाश जैन एवं सुप्रिया जितेन्द्र जैन परिवार रहे। आर्यिका माँ लक्ष्मी भूषण माताजी के पावन सानिध्य, ब्रह्मचारी चिद्रूप भैया के प्रतिष्ठत्व एवं ब्रह्मचारिणी रिम्पी दीदी के नेतृत्व में मंदिर का भव्य जीर्णोद्धार एवं नवीन वेदी निर्माण का कार्य प्रारम्भ हो रहा है समाज अध्यक्ष रक्षित जैन ने सभी समाजजन से अपील की है कि भगवान की आराधना, भक्ति एवं पूजन का पुण्य लाभ प्राप्त करें तथा नवीन वेदी निर्माण एवं मंदिर जीर्णोद्धार के इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें।



डीबीटी के माध्यम से 49 हजार रुपये की राशि अंतरित

गुना । मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत जिज्जी की पंचायत गुना में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। जनपद पंचायत गुना द्वारा आयोजित सम्मेलन में कुल 12 जोड़ों का विवाह एवं निकाह संपन्न कराया गया। इनमें 6 जोड़ों का विवाह तथा 6 जोड़ों का निकाह शामिल है। योजना के तहत प्रत्येक कन्या के बैंक खाते में 49 हजार रुपये की राशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में शामिल जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नवदंपतियों को वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं।

माँ चामुंडा सेवा समिति ने अन्नकूट महोत्सव में स्वच्छता से जुड़े भक्तों व मातृशक्ति का किया सम्मान

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

देवास। मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा संत-महात्माओं, समाजसेवियों के आतिथ्य में बैंक नोट प्रेस परिसर स्थित श्रम कल्याण केंद्र में दीपावली मिलन, अनुकूट महोत्सव एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

समिति संयोजक रामेश्वर जलोदिया ने बताया कि मां चामुंडा टेकरी पर नवरात्रि के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की सेवा में लगे समिति के आशीर्वाददाताओं, संत-महात्माओं, बुजुर्गों, मंदिर के पुजारियों, दानदाताओं, पत्रकार साथियों, मातृशक्ति के चरण-पूजन के साथ शाल, श्रीफल भेंट कर, मंगलाचरण कर समिति की ओर से आत्मीय स्वागत किया गया। नारायण कुटी संन्यास आश्रम के संत सुरेशानंदजी तीर्थ, पिपलेश्वर महादेव मंदिर के संत लोचनदास महाराज, पूणार्नंद महाराज, ब्रह्माकुमारी प्रेमलता दीदी, भगवती बहन, उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर के मुख्य पुजारी दिनेश गुरु, दीपू महाराज, टिगरिया गोगा के गोपालदास महाराज, श्रीमंत विक्रमसिंह पवार, कलेक्टर नेहा मीना, बैंक नोट प्रेस के महाप्रबंधक एसएस राठौर, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सीनियर कमांडेंट संदीप कुमार एस, अस्सिटेंट कमांडेंट केजी सोमवंशी, पूर्व सीसीएफ ऐके जोशी, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल मौजूद रहें।

आध्यात्म मुख्य मार्गों से निकला नगर कीर्तन, कल सजेगा विशेष दीवान और अटूट लंगर

बाबा गुरु नानक देव जी की भव्य पालकी निकली

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

मण्डलेश्वर। नगर में सिख धर्म के प्रथम गुरु, मानवता एवं धर्म-संस्कृति के कल्याण हेतु सिख पंथ की स्थापना करने वाले संत श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में नगर में भव्य नगर कीर्तन एवं पालकी साहिब यात्रा निकाली गई। जगत गुरु बाबा धन गुरु नानक देव जी के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। पालकी यात्रा में बड़ी संख्या में सिख धर्मावलंबियों ने भाग लिया।

पालकी साहिब की यह भव्य यात्रा गुरुद्वारा साहिब से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, पुलिस चौकी, महात्मा गांधी मार्ग मेन बाजार और घंटाघर चौक होते हुए नर्मदा एप्रोच मार्ग से पुनः गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर संपन्न हुई। नगर कीर्तन के समापन पश्चात गुरु का अटूट लंगर आयोजित किया गया, जिसमें मण्डलेश्वर सहित महेश्वर, कसरावद,धामनोद और भुदरी से आई संगत व सर्वसमाज के लोगों ने बड़ी संख्या



में प्रसादी ग्रहण की।

यात्रा का नगर में जगह-जगह मंच लगाकर भव्य स्वागत

यात्रा के दौरान नगर में जगह-जगह मंच लगाकर भव्य स्वागत किया गया। मुख्य रूप से शेर-ए-पंजाब होटल, छाबड़ा जनरल स्टोर्स, दशमेश हार्डवेयर, करमचंद ज्ञानवाणी, न्यू पंजाब साइकिल और अनमोल फोटोकॉपी पर पुष्पवर्षा कर संगत का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा एवं पार्षद नितिन पाटीदार ने भी पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया व गुरु साहिब का आशीर्वाद लिया।

सिख समाज के गोल्डी छाबड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रकाश पर्व के मुख्य आयोजन के तहत मंगलवार, 24 नवंबर को गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजाए जाएंगे। सुबह 11 बजे से गुरु का अटूट लंगर प्रारंभ होगा, वहीं शाम को बच्चों का बाल कवि दरबार आयोजित किया जाएगा और कार्यक्रम के समापन पर आकर्षक व भव्य आतिशबाजी की जाएगी।

कार्यक्रमों में भाग लेने का आग्रह

समाजजनों ने समस्त नगरवासियों से इन धार्मिक आयोजनों में सपरिवार शामिल होकर गुरु साहिब की खुशियां प्राप्त करने का आग्रह किया है। आयोजन में त्रिलोचनसिंह छाबड़ा, हरचरण सिंह मुच्छाल, अमृत सिंह मुच्छाल, मंजीत सिंह मुच्छाल, मंजीत सिंह मुच्छाल, मंजीत सिंह डंक, सन्नी भाटिया, सतनाम डंक, कुलवंत सिंह भाटिया, प्रदीप सिंह छाबड़ा, राजवीर छाबड़ा गुरुबक्शसिंह छाबड़ा, तजिंदर सिंह मुच्छाल, हरजीतसिंह मुच्छाल, गोल्डी छाबड़ा, लक्की छाबड़ा, अनमोल भाटिया, प्रदीप सिंह छाबड़ा, राजवीर छाबड़ा, रविंद्र सिंह मुच्छाल एवं रविन्द्र सिंह छाबड़ा सहित समाज के प्रमुख लोग उपस्थित रहे।



जगन्नाथ का भात, जगत पसारे हाथ

राजपुर में वैकुंठ चौदस पर भव्य भंडारा, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया महाप्रसाद का लाभ

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

राजपुर (बड़वानी)। प्राचीन श्री सत्यनारायण मंदिर, राणा मार्केट राजपुर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कार्तिक शुक्ल चतुर्दशी, वैकुंठ चौदस के पावन पर्व पर भगवान का भंडारा महाप्रसाद का भव्य आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित इस भंडारे में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर परिसर में भगवान जगन्नाथ जी का विशेष श्रृंगार एवं पूजन-अर्चन किया गया।

आचार्य मुरारी जोशी ने बताया कि जगन्नाथ के भात, जगत पसारे हाथ की परंपरा के अनुसार सभी भक्तों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भंडारे में पहुंचे और महाप्रसाद का पुण्य लाभ लिया। भंडारे के दौरान भजन-कीर्तन का भी आयोजन हुआ, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति, स्थानीय कार्यकताओं एवं नगर के गणमान्य नागरिकों व राणा मार्केट व्यापारीवर्ग का विशेष सहयोग रहा।

शिप्रा तट पर हुआ पूजन, भगवान महाकाल की कार्तिक माह की दूसरी सवारी

राजसी ठाट-बाट से नगर भ्रमण पर निकले भगवान महाकाल

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



उज्जैन। अवंतिकानाथ भगवान महाकाल सोमवार को कार्तिक माह की दूसरी सवारी में राजसी ठाट-बाट के साथ अपनी प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकले। शाम 4 बजे महाकालेश्वर मंदिर के सभामंडप में विधिवत पूजन-अर्चन के पश्चात बाबा की पालकी नगर भ्रमण के लिए रवाना हुई। मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों द्वारा भगवान को सलामी (गार्ड ऑफ ऑनर) दी गई। सवारी में मंदिर प्रबंध समिति का महाकाल बैंड, भजन मंडली, पुलिस बैंड और घुड़सवार दल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। पूरे मार्ग पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा और 'जय श्री महाकाल' के जयघोष के साथ बाबा का भव्य स्वागत किया।

निर्धारित मार्ग से होते हुए सवारी महाकाल मंदिर से शुरू होकर महाकाल रोड, गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार और कहारवाड़ी के रास्ते मोक्षदायिनी शिप्रा नदी के रामघाट पहुंची। यहां पुजारियों द्वारा शिप्रा के पवित्र जल से भगवान महाकाल का विधि-विधानपूर्वक अभिषेक और पूजन-अर्चन किया गया। धार्मिक मान्यता है कि भगवान महाकाल प्रतिवर्ष कार्तिक और अगहन मास में तीर्थ पूजन के लिए रामघाट पधारते हैं, इस दौरान घाट पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

कार्तिक-अगहन मास में अभी दो सवारियां और निकलेंगी।

रामघाट पर पूजन के बाद सवारी अपने पारंपरिक मार्ग गंधर्व घाट, गणगौर दरवाजा, मोड़ की धर्मशाला, कार्तिक चौक, खाती का मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार और गुदरी बाजार से होते हुए पुनः महाकाल मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। मंदिर की परंपरा के अनुसार कार्तिक-अगहन मास में अभी भगवान महाकाल की दो सवारियां और निकलेंगी। अगली यानी तीसरी सवारी सोमवार, 30 नवंबर को निकाली जाएगी, जबकि इस क्रम की चौथी और अंतिम राजसी सवारी सोमवार, 7 दिसंबर को निकलेगी।

बैकुंठ चतुर्दशी पर सिद्धवट घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

बैकुंठ चतुर्दशी पर सोमवार सुबह सिद्धवट घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। हजारों लोग शिप्रा में स्नान करने, सिद्धवट पर दूध चढ़ाने और पितरों के निमित्त तर्पण-पिंडदान करने पहुंचे। श्रद्धालुओं ने पूर्वजों की तृप्ति और सद्गति की कामना से धार्मिक अनुष्ठान किए। सुबह से ही घाट पर लोगों की कतारें लग गईं। इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरूआत कई श्रद्धालुओं ने एक रात पहले ही कर दी थी। बैकुंठ चतुर्दशी की पूर्व संध्या पर रामघाट और सिद्धवट घाट पर श्रद्धालुओं ने रात्रि जागरण किया। भजन-कीर्तन के बीच रात बिताने के बाद सुबह शिप्रा में स्नान किया और पितरों के निमित्त धार्मिक कर्मकांड किए। कार्तिक मास की चतुर्दशी पर सिद्धवट में दुग्धधारा अर्पित करने की विशेष मान्यता है। माना जाता है कि यहां दूध चढ़ाने से पितरों को तृप्ति और सद्गति मिलती है। इसी आस्था के चलते प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के साथ देश के अलग-अलग हिस्सों से श्रद्धालु उज्जैन पहुंचे।

सिक्सलेन पर कट रोटरी, ट्रैफिक सिग्नल की मांग

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

उज्जैन। इंदौर-उज्जैन सिक्सलेन बनने के बाद इंदौर रोड की कॉलोनियों के रहवासियों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। सोमवार दोपहर करीब 1 बजे 25 से अधिक कॉलोनियों के रहवासियों ने एमपीआरडीसी अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने सिक्सलेन पर कट, रोटरी और ट्रैफिक सिग्नल लगाने की मांग की।

रहवासियों ने महमृत्युंजय द्वार चौराहे और डी-मार्ट के सामने व्यवस्थित कट, रोटरी और ट्रैफिक सिग्नल लगाने की मांग रखी। उन्होंने इंजीनियरिंग कॉलेज अंडरपास का दूसरा सिरा कॉलेज की तरफ खोलने की मांग भी की। रहवासियों के मुताबिक, सिक्सलेन पर डिवाइडर बनने से कॉलोनियों से मुख्य मार्ग पर आने-जाने का सीधा रास्ता बंद हो गया है। नानाखेड़ा जाने के लिए लोगों को शांति पैलेस चौराहे से घूमकर जाना पड़ता है। डी-मार्ट के सामने सर्विस रोड से मुख्य मार्ग पर आने-जाने के लिए पर्याप्त कट नहीं हैं। इससे नौकरी, कारोबार और दूसरे कामों के लिए निकलने वाले लोगों को रोज अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। रहवासियों ने कहा कि सड़क बनाते समय स्थानीय आबादी की जरूरतों का ध्यान नहीं रखा गया। कई बार समस्या बताने के बाद भी समाधान नहीं हुआ।

जूते घिसने के साथ ही उखड़ गई डामर की सड़क, काम रुका

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



उज्जैन। महिदपुर तहसील के ग्राम धुलेट में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चल रहे सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने रविवार को काम रुकवा दिया। इस दौरान सरपंच के प्रतिनिधि ने मौके पर ही जूते से सड़क की डामर की परत उखाड़कर गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए। ग्रामीणों ने रोलर के सामने खड़े होकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया, जिसकी घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार, धुलेट से बड़गांव तक करीब 2 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण पिछले आठ वर्षों से अटका हुआ था, जो अब शुरू हो पाया है। रविवार को सरपंच पवन बाई के प्रतिनिधि रमेश चंद्र परमार ने निर्माण कार्य की खामियों को उजागर करते हुए एक वीडियो जारी किया, जिसमें वे जूते से डामर की परत उखाड़ते नजर आ रहे हैं। परमार का आरोप है कि इंदौर के ठेकेदार द्वारा तय मापदंडों के विपरीत जाकर सड़क पर महज एक इंच सामग्री ही डाली जा रही है।

रोलर के आगे प्रदर्शन

गुणवत्ताहीन कार्य से नाराज ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर निर्माण रुकवाया और रोलर के आगे खड़े होकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के जिम्मेदार अधिकारियों ने निर्माण के दौरान सामग्री की जांच नहीं की और न ही वे मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे।

वैदिक जैन आईटीआई के बने सांसद प्रतिनिधि

देवास। सांसद महेन्द्रसिंह सोलंकी ने युवा वैदिक जैन को औद्योगिक विकास में कार्यरत संस्था आईटीआई का सांसद प्रतिनिधि बनाकर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। नियुक्ति के बाद सांसद महेन्द्रसिंह सोलंकी ने वैदिक जैन को माता रानी की चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस नियुक्ति से उम्मीद जताई गई है कि वैदिक जैन संस्था के शैक्षणिक विकास और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उनसे अपनी नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाने की अपेक्षा की गई है।

अपनी नियुक्ति पर सांसद के प्रति आभार प्रकट करते हुए वैदिक जैन ने कहा कि आईटीआई के छात्रों को केवल डिग्री तक सीमित रखना उनका उद्देश्य नहीं है। उन्हें रोजगार से जोड़ना ही उनकी मुख्य जिम्मेदारी होगी। उल्लेखनीय है कि 20 वर्षीय वैदिक जैन भारत के इतिहास में सबसे कम उम्र के सांसद प्रतिनिधि है। वैदिक जैन को महेश चौहान, बंटी मंगरोलिया, शुभम जाधव, नीरज चौहान, पंकज सोनी, लक्की मक्कड़, संतोष वर्मा, आशीष दवे, अनुज शर्मा सहित स्नेहीजन एवं समर्थकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।

यातायात पुलिस ने दी वाहन चालकों को समझाईश



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

शाजापुर। नगर के शहरी हाईवे पर निर्माण कार्य के बीच सड़क किनारे खड़े वाहन यातायात में रुकावट बन रहे हैं। रविवार को यातायात विभाग की टीम ने हाईवे का निरीक्षण किया और वरदान हास्पिटल प्रबंधन व आसपास के व्यापारियों को सड़क पर वाहन खड़े नहीं करने की हिदायत दी।

दरअसल वरदान हास्पिटल के बाहर पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। मरीजों के परिजन और अस्पताल स्टाफ अपने दोपहिया और चार पहिया वाहन सड़क की सीमा में खड़े करते हैं। इससे दूसरे वाहन चालकों को निकलने में परेशानी होती है। यातायात पुलिस ने बताया कि निर्माण कार्य के चलते शहरी हाईवे की एक साइड पर पहले से ही आवागमन बंद है। सड़क की सीमा में वाहन खड़े होने से यातायात पर और असर पड़ रहा है। सीमित रास्ते पर वाहनों का दबाव बढ़ने से हादसे की आशंका है। अस्पताल में रोज बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। पार्किंग की सुविधा नहीं होने के कारण उनके परिजन और अस्पताल स्टाफ वाहन हाईवे की सीमा में खड़े करते हैं। यातायात विभाग ने अस्पताल प्रबंधन और व्यापारियों से सड़क पर पार्किंग रोकने और आवागमन के लिए पर्याप्त जगह खाली रखने को कहा।

एएसपी तारणेकर के पुत्र बने एयरफोर्स ऑफिसर

शाजापुर। जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर की बेटी राष्ट्रीय तैराक होने के साथ ही मप्र टीम की खिलाड़ी भी हैं। अब उनके बेटे का भी चयन एयरफोर्स में हो चुका है। उनके दोनो बच्चों को आगे बढ़ने की सीख अपने पिता से ही मिली।

एएसपी तारणेकर ने भी अपना लक्ष्य देशसेवा तय किया था और कड़ी मेहनत के दम पर वे आज इस पद पर हैं। अपने पिता से उनकी बेटी ने भी प्रेरणा ली और आज वह राष्ट्रीय तैराक होने के साथ ही मप्र क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व भी कर रही हैं।

शाजापुर को हराकर उज्जैन बना विजेता

हायर सेकेंड्री खेल मैदान पर हुआ रोमांचक मुकाबला, अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



शाजापुर। उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पर चल रही 18 वर्ष आयु समूह की अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ और उज्जैन ने शाजापुर को हराकर खिताबी जीत हासिल की। उज्जैन की टीम ने फाइनल मैच में शाजापुर को पहली पारी की बढ़त के आधार पर हरा दिया। इसके बाद विजेता टीम को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव आनंद भावसार ने बताया कि टॉस जीतकर उज्जैन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 377 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। उज्जैन की ओर से धनंजय परमार ने 165 रन, विजय खारोल 46 रन, टीम के कप्तान रोहन खान ने 30 रनों का सराहनीय योगदान दिया। शाजापुर की ओर से अमन ने तीन विकेट, जलज भावसार ने दो और विवान दुबे ने 3 विकेट हासिल किए।

शाजापुर की टीम की पारी शुरू में ही लड़खड़ा गई

377 रन का पीछा करने उतरी शाजापुर की टीम की पारी शुरू में ही लड़खड़ा गई और शाजापुर की ओर से राम नायक 45 रन, अमन छजलाने 30 रनो का ही योगदान दे सके। शेष खिलाड़ी खास योगदान नहीं दे सके। उज्जैन की ओर से ऋतिक परब ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट प्राप्त किए। फाइनल के समापन अवसर पर सीडीसीए मेंबर उज्जैन के आब्जर्वर अजयसिंह तोमर, संभागीय संगठन के सचिव सुरेंद्र काबरा, जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष धीरेंद्रसिंह भदोरिया, जिला क्रिकेट एसोसिएशन सचिव मनोज आर्या की उपस्थिति में हुआ। संचालन अशफाक खान ने तथा आभार खलील खान ने माना।

खाटू श्याम में पांच हजार से अधिक भक्तों ने ली प्रसादी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



देवास। खाटू श्याम जन्मोत्सव के अवसर पर मुखर्जी नगर स्थित पायोनियर स्कूल के पास खाटू श्याम मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दो दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ।

आयोजन के दौरान मंदिर में आकर्षक सजावट की गई तथा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। 20 नवंबर को देवउठनी एकादशी के अवसर पर संपूर्ण मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया। दिनभर श्रद्धालुओं को 5 क्विंटल से अधिक फरियाली खिचड़ी का वितरण किया गया। वहीं रात्रि में भव्य भजन संध्या आयोजित हुई, जिसमें बाबा श्याम के भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजन के दूसरे दिन 21 नवंबर को शाम 6 बजे से भव्य भंडारे का शुभारंभ हुआ।

जल संकट पर जताई चिंता, विधानसभा को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन, किसानों को राहत देने सहित छह मांगें रखीं

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



देवास। अल्पवर्षा और अनियमित बारिश के कारण देवास विधानसभा क्षेत्र में जलसंकट गहराने लगा है। बोरिंग, कुओं, तालाबों और नदियों का जलस्तर कम होने से किसानों के सामने सिंचाई का संकट खड़ा हो गया है। इसे लेकर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष मलखान सिंह देवड़ा के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर विधानसभा क्षेत्र को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की गई। संगठन के जिला मीडिया प्रभारी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि बारिश की कमी से फसलों की पैदावार प्रभावित होने और किसानों को आर्थिक नुकसान की आशंका है।

ज्ञापन में छह प्रमुख मांगें रखी गईं। इनमें देवास विधानसभा क्षेत्र को सूखाग्रस्त घोषित करने, देवास-तराना नर्मदा पाइपलाइन से छोटी कालीसिंध नदी में पानी छोड़ने, हाटपिपल्या माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का अधूरा कार्य शीघ्र पूरा करने तथा किसानों के बिजली बिल और बैंक ऋण की वसूली स्थगित करने की मांग शामिल है। इसके अलावा प्रत्येक पंचायत को एक-एक लाख रुपये की सहायता देकर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने और अल्पवर्षा से फसलों को हुए नुकसान का सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की गई। संगठन ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर किसानों को राहत देने का आग्रह किया। इस दौरान पूर्व महापौर ठाकुर जय सिंह, भगवान सिंह चावड़ा, पोप सिंह परिहार, विक्रम मुकाती, डॉ. रितेश शर्मा, जितेंद्र सिंह गौड़, अनिल गोस्वामी, लुकमान अली, पंकज वर्मा, गौरव जोशी, ओंकार सिंह, गोवर्धन सिंह खींची, आनंद सिंह, रवि कुमावत, लोकेंद्र सिंह मेरखेड़ी, जीतू शर्मा सालम खेड़ी, कालू सिंह इटावा, मेहरबान मिरखेड़ी, मनोहर सिंह डोडिया, जितेंद्र जायसवाल, जयराम काका, संजय रेकवाल, रोहन राजपूत, विक्रम चौधरी आदि मौजूद रहे।

आयोजित शिक्षा काउंसलिंग एवं शिक्षा गौरव शिखर सम्मान समारोह

विद्यार्थियों को सुझाए गए करियर के विकल्प

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



देवास। गुरव समाज पंचायत देवास के नेतृत्व में देवास, खरगोन एवं बड़वानी की तीनों गुरव समाज पंचायतों के संयुक्त तत्वावधान में शहर में शिक्षा पर आधारित भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजबंधुओं, मातृशक्ति, युवाओं, बच्चों एवं अभिभावकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में शिक्षा काउंसलिंग का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा काउंसलर जिग्नेश सेवक के नेतृत्व में गठित टीम ने कक्षा 5वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को उनकी रुचि, क्षमता एवं भविष्य के करियर विकल्पों के संबंध में मार्गदर्शन दिया। टीम में विजय शर्मा, श्रीमती एकता सवनेर, श्रीमती दीपिका सुनहरी, श्रीमती छाया कुवादे एवं श्रीमती कविता सवनेर सहित अन्य शिक्षा विशेषज्ञों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने इस मार्गदर्शन की सराहना की।

करियर के प्रति जागरूक करना पंचायत का उद्देश्य : काले

गुरव समाज पंचायत देवास के अध्यक्ष जगदीश काले ने बताया कि समाज की नई पीढ़ी को शिक्षा और करियर के प्रति जागरूक करना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। हमारा प्रयास है कि समाज का कोई भी बच्चा अपने भविष्य को लेकर लक्ष्यविहीन न रहे और सही मार्गदर्शन प्राप्त कर अपनी प्रतिभा के अनुरूप सफलता हासिल करे। शिक्षा काउंसलिंग के पश्चात तीनों पंचायतों देवास, खरगोन एवं बड़वानी द्वारा संयुक्त रूप से शिक्षा गौरव शिखर सम्मान 2026 समारोह आयोजित किया गया। इसमें उच्च शिक्षा, व्यावसायिक उपलब्धियों एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर समाज का नाम रोशन करने वाले प्रतिभावान बच्चों एवं युवाओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

एकजुटता और शैक्षणिक प्रगति का संदेश दिया

इस अवसर पर खरगोन गुरव समाज पंचायत के अध्यक्ष प्रेम जाधम एवं बड़वानी के वरिष्ठ समाजसेवी यशविंद्र चोलकर ने सम्मानित प्रतिभाओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। तीनों पंचायतों की संपूर्ण कार्यकारिणी, वरिष्ठ समाजजनों, युवाओं, मातृशक्ति एवं अभिभावकों की गरिमामय उपस्थिति में सम्मान समारोह संपन्न हुआ। सभी ने बच्चों की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त करते हुए इस पहल को समाज की शिक्षा और प्रगति के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। तीनों पंचायतों ने भविष्य में भी शिक्षा एवं करियर मार्गदर्शन के ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने के संकल्प के साथ समाज की एकजुटता और शैक्षणिक प्रगति का संदेश दिया।

नो एंट्री में आया ट्रक, पांच हजार का लगाया जुर्माना, दी चेतावनी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



शाजापुर। यातायात पुलिस द्वारा नगर में दोपहर के समय भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया हुआ है ताकि नगरवासियों का आवागमन आसान हो सके। सोमवार को जब एक खली से भरा ट्रक नो एंट्री में घुसा तो यातायात पुलिस द्वारा उस पर कार्रवाई करते हुए उस पर पांच हजार का जुर्माना लगा दिया।

शहर में यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिन में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक है। इसके बावजूद कुछ व्यापारी दिन में भारी वाहनों से माल मंगवा रहे हैं। विभाग व्यापारियों को पहले भी कई बार समझाइश दे चुका है कि नो एंट्री के समय भारी वाहनों से माल न मंगवाएं लेकिन उनकी मनमानी जारी है। सोमवार को भी नो एंट्री के नियम तोड़कर खली से भरा एक ट्रक शहर के शहरी हाईवे स्थित पाटीदार ट्रेडर्स पहुंचा।

ट्रक चालक को फटकार

जैसे ही इसकी जानकारी यातायात विभाग को मिली मौके पर पहुंची यातायात प्रभारी मोनिका सिंह ने ट्रक चालक को फटकार लगाई और ट्रक पर 5 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। उन्होंने बताया कि आवागमन सुलभ हो सके इसके लिए भारी वाहनों का प्रवेश दिन में प्रतिबंधित है और इस नियम का जो भी उल्लंघन करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। क्योंकि शहरी हाईवे पर निर्माण कार्य और वाहनों के दबाव के कारण पहले से ही यातायात पर असर पड़ रहा है। दिन में भारी वाहनों के आने से जाम लग सकता है और दुर्घटना का खतरा बढ़ सकता है। जिसके चलते दोपहर में नो एंट्री रहती है।

रंगीन मिजाज शिक्षक ने रात 10 बजे छात्रा के मोबाइल पर भेजे संदेश

शाम 5 बजे फ्री हो? घूमने चलें...मैं बताऊं वैसे ही कपड़े पहनना तुम

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। शाम को 5 बजे खाली हो क्या, घूमने चलते हैं, 8 बजे तक खाली कर दूंगा... मेरे लायक कोई काम हो तो बताओ। वॉट्सऐप पर इस तरह के कथित संदेशों ने गुना के एक शासकीय कन्या विद्यालय को चर्चा में ला दिया है।

मामला कैंट स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का है, जहां पदस्थ एक शिक्षक पर छात्राओं से अनुचित और आपत्तिजनक बातचीत करने के गंभीर आरोप लगे हैं। मामला सामने आने के बाद कैंट पुलिस हरकत में आई और आरोपी शिक्षक को हिरासत में ले लिया है। इस मामले में छात्र संगठन एबीवीपी ने भी विद्यालय पहुंचकर आक्रामक रुख अपनाया था। आरोपी शिक्षक विद्यालय में आईसीटी एवं गणित प्रयोगशाला के प्रभारी बताए जा रहे हैं। मामले में कक्षा 12वीं की एक छात्रा ने हिम्मत जुटाकर कलेक्टर, एसपी, कैंट थाना प्रभारी और विद्यालय के प्राचार्य को लिखित शिकायत दी है। शिकायत में देर रात



वॉट्सऐप पर बातचीत, व्यक्तिगत मुलाकात के लिए कहने और छात्राओं से अनुचित संदेश साझा करने जैसे आरोप लगाए गए हैं।

बाल दिवस से शुरू हुआ सिलसिला

शिकायतकर्ता छात्रा के मुताबिक, बाल दिवस 14 नवंबर के दिन शिक्षक ने उनसे सामान्य बातचीत शुरू की थी। इसके बाद 18 से 20 नवंबर के बीच शिक्षक की ओर से वॉट्सऐप पर आपत्तिजनक और असहज करने वाले संदेश भेजे गए। आरोप है कि बातचीत रात करीब 10 बजे शुरू होती थी और उसमें पढ़ाई से इतर निजी बातें की जाती थीं। शिक्षक की ओर मेरे पसंद के कपड़े पहनो, घूमने चलें क्या? और आपको हमारा ख्याल रखना पड़ेगा जैसे संदेश छात्रा को किए गए हैं। जिससे छात्रा अपने आपको असहज महसूस करने लगी।

कम्प्यूटर लैब में गुप्त कक्ष

मामले में कंप्यूटर प्रयोगशाला को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत के अनुसार, शिक्षक ने प्रयोगशाला में पर्दा लगाकर एक अलग जगह बना रखी थी, जिसे कथित तौर पर गुप्त कक्ष की तरह इस्तेमाल किया जाता था। आरोप है कि वहां छात्राओं को ले जाकर उनसे बातचीत की जाती थी। यह भी बताया जा रहा है कि शिक्षक अन्य छात्राओं से भी इसी तरह संपर्क करते थे। हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। छात्रा ने अपने आवेदन में बताया है कि वह पहले शिकायत करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही थी। उसे डर और संकोच था, लेकिन उसकी मां ने उसका हौसला बढ़ाया और गलत व्यवहार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद छात्रा ने संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायत देकर मामले की जांच और उचित कार्रवाई की मांग की।

छात्र संगठन भी विरोध में उतरा

शिकायत सामने आने के बाद एक संगठन ने भी विद्यालय प्रबंधन से इस मामले में शिकायत की है। छात्राओं की सुरक्षा और विद्यालय के वातावरण को लेकर सवाल उठने लगे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए अब अन्य छात्राओं के बयान और शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। विद्यालय के प्राचार्य ने शिकायत मिलने की पुष्टि की है। उनका कहना है कि छात्रा की ओर से प्राप्त आवेदन को जांच के लिए जिला शिक्षा अधिकारी के पास भेज दिया गया है। अब शिक्षा विभाग की जांच में यह स्पष्ट होगा कि शिक्षक पर लगाए गए आरोपों में कितनी सच्चाई है और विद्यालय की कंप्यूटर प्रयोगशाला से जुड़े आरोपों की वास्तविक स्थिति क्या है।

बोहरे कॉलोनी में अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण सकल हिंदू समाज ने जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



अशोकनगर । बोहरे कॉलोनी स्थित स्कूल की भूमि पर कथित अवैध कब्जा एवं निर्माण किए जाने के विरोध में सोमवार को सकल हिंदू समाज के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधीश साकेत मालवीय को आवेदन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि बोहरे कॉलोनी में स्कूल की भूमि को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। आरोप है कि कुछ लोगों द्वारा नगर पालिका में कथित फर्जी नामांतरण एवं रजिस्ट्री के आधार पर भूमि पर अवैध कब्जा कर मदरसा निर्माण करने का प्रयास किया जा रहा है। यह विवाद वर्ष 2009 से चला आ रहा है। पूर्व में भी प्रशासन द्वारा अवैध निर्माण के प्रयासों को रुकवाया गया था। वर्ष 2022 में भी इस प्रकार का प्रयास किया गया था, जिसे प्रशासन ने रोक दिया था।

सकल हिंदू समाज ने आरोप लगाया कि पिछले तीन-चार दिनों से रात के समय पुनः अवैध निर्माण किया जा रहा है। इसकी जानकारी तहसीलदार को दिए जाने के बावजूद निर्माण कार्य नहीं रुकने से क्षेत्रवासियों एवं समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

विवादित भूमि की निष्पक्ष जांच कराई जाए

इस अवसर पर सकल हिंदू समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपक मिश्रा ने कहा कि प्रशासन को समय रहते इस मामले में गंभीरता से कार्रवाई करनी चाहिए। संबंधित अधिकारियों को जानकारी देने के बाद भी निर्माण कार्य जारी रहना प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। हमारी मांग है कि विवादित भूमि की निष्पक्ष जांच कराई जाए। शहर की शांति एवं सामाजिक सद्भाव बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई तो सकल हिंदू समाज जनहित में आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उन्होने निर्माण रोकने की मांग प्रशासन से की है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से सकल हिंदू समाज के जिला अध्यक्ष दिनेश जैन, प्रदेश कोषाध्यक्ष रामकुमार चौधरी, जिला उपाध्यक्ष विकास जैन बल्ली, जिला मंत्री हेमंत जैन, जिला व्यवस्था प्रमुख दिनेश चौरसिया, जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख बंटी शर्मा, जितेंद्र शिवहरे, बलवीर धाकड़, राजेश कुशवाहा सहित समाज के अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

15 दिवसीय रामलीला महोत्सव का भव्य शुभारंभ



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोक नगर। श्री राम सिद्ध कला परिषद के तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय रामलीला महोत्सव का विगत रात्रि भव्य शुभारंभ हुआ। महोत्सव का उद्घाटन शुभारंभकर्ता रजनी रामनिवास शर्मा तथा विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया एवं एसडीओपी ओम प्रकाश मिश्रा द्वारा फीता काटकर व रामायण जी की आरती कर किया गया।

इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष शीतल संधु , उपाध्यक्ष संजय रघुवंशी , विजय वैरागी तथा सह सचिव सुरेंद्र ओझा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी मंचासीन एवं आमंत्रित अतिथियों का स्वागत लीला के निर्देशक अनिल शर्मा ने किया।

परिषद के सचिव पीयूष पाराशर ने बताया कि उद्घाटन संध्या पर शिव-पार्वती संवाद का भावपूर्ण मंचन किया गया। कार्यक्रम के अंत में पधारे अतिथियों का आभार परिषद के उपाध्यक्ष विजय वैरागी ने व्यक्त किया।

आयोजन को सफल बनाने में ऋषि त्रिपाठी, पवन शर्मा, बंधु शर्मा, लक्ष्मण बघेल, बृजेश शर्मा, नीरज पटेल, प्रमेन्द्र शर्मा राहुल जैन और शिवम पलिया सहित अन्य कलाकारों का सराहनीय सहयोग रहा।

श्रद्धालुओं ने की शिवपुर मातमोर की यात्रा

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। देवास जिले के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र शिवपुर (मातमोर) में मूलनायक श्री त्रिभुवनभानु पार्श्वनाथ भगवान के पूजन-अर्चन और जिन शासन के रक्षक, प्रत्यक्ष प्रभावी स्वयंभू प्रकट श्री मणिभद्र वीर के चमत्कारी हवन के साथ जैन श्वेतांबर समाज की दो दिवसीय तीर्थ यात्रा रविवार को संपन्न हुई। इस संपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान और तीर्थ यात्रा के संघपति एवं लाभार्थी अशोकनगर के अजयराज व अंकित कुमार भंडारी (जैन) परिवार रहे।

यात्री संघ शनिवार दोपहर 12 बजे नगर के श्री वासुपूज्य स्वामी जैन श्वेतांबर मंदिर से रवाना हुआ था। प्रस्थान से पूर्व श्री संघ द्वारा संघपति व लाभार्थी अजयराज एवं अंकित कुमार भंडारी की अनुमोदना एवं बहुमान किया गया। यात्रा मार्ग में गुना पहुंचने पर गुना श्री संघ ने यात्री संघ का आत्मीय स्वागत किया और संघपति व लाभार्थी परिवार का



बहुमान किया।

मूलनायक भगवान की विधि-विधान से पूजन-अर्चन

रविवार को शिवपुर मातमोर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम मूलनायक भगवान की विधि-विधान से पूजन-अर्चन की। इसके पश्चात खरगोन निवासी एस. के. व्यास के सान्निध्य में स्वयंभू श्री मणिभद्र वीर का विशेष पूजन और चमत्कारी हवन संपन्न हुआ, जिसमें सभी यात्रियों ने श्रद्धापूर्वक आहुतियां दीं। धार्मिक अनुष्ठान पूर्ण होने पर श्री संघ व लाभार्थी परिवार ने एस.के. व्यास का सम्मान किया, साथ ही श्री संघ द्वारा यात्रा एवं हवन के लाभार्थी भंडारी परिवार का सहयोग किया, जिसके पश्चात यात्री संघ की अशोकनगर वापसी हुई।

लगभग 35 बीघा में फैला है महातीर्थ

उल्लेखनीय है कि देवास जिले की बागली तहसील में इंदौर-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर चापड़ा से 8 किलोमीटर दूर ग्राम मातमोर (शिवपुर) में स्थित यह महातीर्थ लगभग 35 बीघा में फैला है और इसे श्री त्रिभुवनभानु पार्श्वनाथ श्वेतांबर जैन तीर्थ एवं श्री मणिभद्र वीर साधना केंद्र के रूप में जाना जाता है। अंचल में दो सौ से अधिक जिन मंदिरों के निर्माण के प्रेरणास्रोत मालवा विभूषण आचार्य श्रीमद् विजय वीररत्न सूरीश्वरजी म.सा. के मार्गदर्शन में 23 मार्च 1988 को यहां भूमिपूजन हुआ था तथा दो माह बाद 19 मई 1988 (वैशाख शुक्ल छठ, रवि पुष्य नक्षत्र) को तीन आम के वृक्षों के मध्य स्वयंभू श्री मणिभद्र वीर प्रकट हुए थे। इंदौर के तिलक नगर में चातुर्मास के दौरान आचार्य श्री के समाधिपूर्वक देवलोक गमन के बाद उनकी अंतिम क्रिया भी इसी पावन तीर्थ में संपन्न हुई थी। गुजरात के पत्थरों को राजस्थान के कारीगरों द्वारा तराशकर निर्मित यह दुनिया का एकमात्र और देश का सबसे बड़ा रथाकार जैन मंदिर है, जिसके आठ पहियों पर 14 स्वप्न व अष्ट मंगल के चिह्न उकेरे गए हैं और सामने स्थापित काष्ठ के दो घोड़े इसे जीवंत रथ का स्वरूप देते हैं। मुख्य मंदिर में 17 प्रभु प्रतिमाएं, गुंबज में 24 तीर्थंकरों की मूर्तियां, उड़ीसा के कलाकारों द्वारा निर्मित श्री सिद्ध चक्र गुरु मंदिर सहित नागेश्वर व शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर भी यहां स्थापित हैं।

203 लीटर कच्ची शराब की जब्त, पांच गिरफ्तार

8 हजार लीटर लहान को किया नष्ट



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश के मार्गदर्शन में जिले में चलाए जा रहे 'नशामुक्त अशोकनगर अभियान' के तहत अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण और बिक्री करने वालों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में मुंगावली और शाढौरा थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर कुल 203 लीटर हाथभट्टी की कच्ची शराब जब्त की तथा करीब 8,000 लीटर तैयार लहान नष्ट कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना मुंगावली पुलिस ने ग्राम मीरकाबाद में दबिश दी, जहां जमीन में गाड़कर रखी गई टंकियों में शराब बनाने के लिए लहान भरा पाया गया। पुलिस टीम ने टंकियां बाहर निकालकर मौके पर ही करीब 4,500 लीटर लहान नष्ट किया। इस कार्रवाई में दो पुरुष और दो महिलाओं को गिरफ्तार कर कुल पांच प्रकरणों में 128 लीटर हाथभट्टी की कच्ची शराब जब्त की गई और आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मुंगावली उपनिरीक्षक अरविन्द सिंह कछुवाह सहित पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

75 लीटर हाथभट्टी की कच्ची शराब जब्त

इसी प्रकार, थाना शाढौरा पुलिस ने ग्राम कंचनपुर पीलीघटा में दबिश देकर 15-15 लीटर क्षमता के पांच प्लास्टिक केनों में भरी कुल 75 लीटर हाथभट्टी की कच्ची शराब जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत 11,250 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने 70 वर्षीय आरोपी परमिंदर सिंह उर्फ बिंदा पिता करम सिंह, निवासी ग्राम कंचनपुर पीलीघटा को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी शाढौरा निरीक्षक सुनील सिकरवार और उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। कानूनी कार्रवाई के साथ पुलिस ने ग्रामीणों व परिजनों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर अवैध गतिविधियां छोड़कर सम्मानजनक जीवन जीने के लिए प्रेरित भी किया।

एक मिनट देरी से स्कूल पहुंचा छात्र शिक्षिका ने सवा घंटे सजा दी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। पवन कॉलोनी स्थित एवरेस्ट एकेडमी स्कूल में एक मिनट की देरी से पहुंचने पर छात्र को सवा घंटे तक खड़ा रखने और उठक-बैठक लगवाने का मामला सामने आया है।

इस दौरान छात्र चक्कर खाकर बेहोश हो गया, जिसके बाद परिजनों ने जिला अस्पताल में उसका उपचार कराया और कोतवाली थाने सहित सीएम हेल्पलाइन 181 पर मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

तलैया मोहल्ला निवासी अभिभावक मुकीम खां ने आरोप लगाया कि उनका बेटा अल्पेश खां केवल एक मिनट की देरी से स्कूल पहुंचा था। इतनी सी बात पर शिक्षक ने उसे सवा घंटे तक खड़ा रखा और उठक-बैठक लगवाई। सजा के दौरान अल्पेश को चक्कर आ गया और वह गिर पड़ा। छात्र का कहना है कि बेहोश होकर गिरने के बाद एक महिला शिक्षिका ने यह कहते हुए उसे चांटे भी मारे कि वह नौटंकी कर रहा है।

घटना के बाद स्कूल प्रबंधन ने परिजनों को फोन कर बच्चे की तबीयत खराब होने और उसे घर ले जाने की सूचना दी। स्कूल पहुंचे अभिभावक बेटे को लेकर सीधे जिला अस्पताल गए और उसका इलाज कराया। परिजनों का आरोप है कि स्कूल में योग्य और प्रशिक्षित शिक्षक नहीं हैं, जिसके कारण बच्चों को अनावश्यक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।

कैंट क्षेत्र में चला प्रशासन का बुलडोजर

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। जिला प्रशासन द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रशासन और नगरपालिका की संयुक्त टीम ने कैंट क्षेत्र स्थित कन्या पीएमश्री एकीकृत शाला के बाहर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया।

अभियान के तहत स्कूल के मुख्य द्वार के बाहर सड़क किनारे अवैध रूप से रखी गई करीब



एक दर्जन गुमठियों को मौके से हटाया गया। इन अतिक्रमणों के कारण न केवल स्कूल आने-जाने वाली छात्राओं को असुविधा हो रही थी, बल्कि मुख्य मार्ग पर यातायात भी बाधित हो रहा था। प्रशासन का दावा है कि इस कार्रवाई से पहले सभी संबंधित अतिक्रमणकारियों को निर्धारित समय पर स्थान खाली करने की पूर्व सूचना दी गई थी, लेकिन कब्जा न हटाने पर सख्ती बरती गई। कार्रवाई के दौरान स्कूल की सीमा के भीतर अवैध रूप से रखी गई एक मशीन भी पाई गई, जिस पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित मालिक पर 5 हजार का जुमार्ना लगाया है। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई

बिजली का खंभा गाड़ने के विवाद में पिता और दो पुत्रों पर हमला

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। बीनागंज चौकी क्षेत्र के बरखेड़ा खुर्द गांव में रविवार दोपहर बिजली का खंभा लगाने को लेकर पड़ोसियों के बीच जमकर विवाद और मारपीट हो गई। इस घटना में एक ही परिवार के पिता और दो पुत्रों के सिर फूट गए, जिन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायल मन्ना सिंह मैहर के मुताबिक रविवार 22 नवंबर की दोपहर करीब ढाई बजे बिजली विभाग की टीम उनके मकान के पास लगे एक खंभे को हटाकर दूसरी जगह लगा रही थी। आरोप है कि इसी दौरान पास में रहने वाले पड़ोसियों ने खंभे को मन्ना सिंह के घर की दीवार से सटाकर गाड़ने के लिए कहा। जब मन्ना सिंह और उनके बेटों ने इसका विरोध किया, तो पड़ोसियों ने बिजली विभाग की टीम के सामने ही उन पर हमला कर दिया। मारपीट में मन्ना सिंह मैहर सहित उनके दोनों पुत्र सुमित और गौरव घायल हो गए। विवाद बढ़ता देख बिजली विभाग की टीम भी मौके से चली गई। तीनों घायलों कोअस्पताल लाया गया।

महिलाओं ने किया रक्तदान

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। नगर के निजी अस्पताल में भर्ती प्रसूता दीपा पारदी का ऑपरेशन होना था । जिसे डॉ ने ऑपरेशन से पहले ब्लड लगवाने की सलाह दी थी, प्रसूता का ब्लड ग्रुप रेयर ब्लड ग्रुप एबी निगेटिव था जो आसानी से नहीं मिलता। घबराए परिजनों और रिश्तेदारों ने तमाम लोगों के ब्लड चेक कराए पर उन्हें कहीं से मदद नहीं मिली। तभी सूचना मिलने पर ब्लड हेल्प ग्रुप की सदस्य मोनिका जैन ने प्रसूता दीपा पारदी के लिए जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक पहुंचकर एबी निगेटिव रेयर ब्लड का रक्तदान किया । जिसके बाद प्रसूता का सफल ऑपरेशन हो सका। प्रसूता ने दो बच्ची एवं एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया । इसके साथ ही प्रीति जैन ने जिला चिकित्सालय में भर्ती सहसूदी निवासी थैलेसीमिया



पीड़ित पांच साल की बच्ची देविका यादव के लिए ओ निगेटिव रेयर ब्लड का रक्तदान किया । परिजन पिछले कई दिनों से ब्लड न मिलने के कारण परेशान थे। इसके अलावा स्वाति श्रीवास्तव,प्रीतम नागर, जूली धनोरिया, खुशबू झा, छाया ओझा सहित ब्लड हेल्प ग्रुप के दर्जनों रक्तदाताओं ने मरीजों के लिए रक्तदान किए।

उत्कृष्ट कार्यों के लिए मृगवास थाना पुलिस का सम्मान

गुना। कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निपटारे और शिकायतों के त्वरित समाधान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मृगवास थाना पुलिस को शील्ड और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने 23 नवंबर 2026 को दिया। जिले में प्रथम रैंक प्राप्त करने पर एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा, मृगवास थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप यादव और सानई चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राहुल शर्मा को शील्ड व प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए। वहीं, पेट्रोलिंग मोबाइल ऐप के माध्यम से प्रभावी ड्यूटी व तकनीक आधारित पुलिसिंग के लिए प्रधान आरक्षक लखन किरार को भी सम्मानित किया गया। एसपी हितिका वासल

लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करने के दिए निर्देश

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

राजगढ़। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न विभागों में लंबित शिकायतों एवं समय-सीमा के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की तथा अधिकारियों को सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने राजस्व विभाग से संबंधित नामांतरण, सीमांकन एवं तरमीम सहित अन्य शिकायतों की समीक्षा करते हुए एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि इन प्रकरणों का गंभीरता से परीक्षण कर त्वरित निराकरण करें।

उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग में अधिक संख्या में शिकायतें लंबित होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में अनुपस्थित रहने पर जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री, नरसिंहगढ़ तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों की विशेष रूप से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे प्रकरणों को व्यक्तिगत रूप से देखें और उनका प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने मोहनपुरा एवं कुंडालिया सिंचाई परियोजना के अंतर्गत किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सिंचाई सुविधा के लिए बिछाई गई पाइपलाइन में तोड़फोड़ किए जाने के मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधितों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्वामित्व योजना एवं मेडल पार्क सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता एवं तत्परता से निराकरण करें।

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक- जितेंद्र कोठारी द्वारा पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.लि. राऊखेड़ी, देवास रोड, इंदौर (म.प्र.) 453771 से मुद्रित एवं 107, प्रथम माला, स्वदेश भवन, ए.बी. रोड, इंदौर (म.प्र.) 452011 से प्रकाशित। संपादक-राघवेंद्र*।
आरएनआई नं. एमपीबीआईएल/2020/80117, फोन- 0731 3144237, मो. 83570 89000, Email-mradubhashi.news@gmail.com। समाचार चयन के लिए पीआरपी एक्ट के तहत जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)